# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 315 । भोपाल, बुधवार 15 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए


झाबुआ और शाजापुर की सभाओं में मोदी ने कांग्रेस को घेरा, कहा-

## शर्मनाक हार की तरफ बढ़ रही कांग्रेस, विकास और भाजपा को चुनेंगे लोग



**झाबुआ/शाजापुर/इंदौर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस शर्मनाक हार की तरफ बढ़ रही है। प्रदेश के लोग विकास और भाजपा को चुनेंगे। श्री मोदी ने कहा कि झाबुआ के लोगों का गुजरात में आना जाना है। वहां अभी कुछ समय पहले ही चुनाव हुए हैं। आपने देखा होगा कि अंबाजी से लेकर उमरगाम तक पूरे आदिवासी बेल्ट में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने कांग्रेस को नकार दिया है। देश और मध्यप्रदेश की जनता ये जान गई है, एक–एक आदिवासी परिवार यह जान गया है कि कांग्रेस आई–तबाही लाई। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में ही देखा, जबकि डबल इंजन सरकार ने आदिवासी समाज का जीवन बदलने के लिए निरंतर काम किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, झाबुआ में सांसद जी.एस.डामोर और शाजापुर में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने भी सभा को संबोधित किया।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ने मुफ्त राशन, मुफ्त टीकाकरण, मुक्त इलाज की व्यवस्था की है, जिसका लाभ आदिवासी परिवारों को भी हो रहा है। श्री मोदी ने कहा मध्यप्रदेश की सरकार दाल, तेल और चीनी पर भी रियायत देने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाईयों और बहनों मोदी ने आपके लिए एक काम और पक्का कर दिया है। आप झाबुआ से कहीं भी जाएं, आपका जो राशन कार्ड यहां पर बना है, उससे वहां पर भी आपको मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

श्री मोदी ने कहा कि बहनें खुद कह रही हैं, पक्का आवास दिया मोदी ने, मुफ्त इलाज दिया मोदी ने, शौचालय बनावाया घर में, नल से जल दिया मोदी ने। बिजली का कनेक्शन, बैंक खाते में पैसे और स्वरोजगार के लिए लाखों रुपये किसने दिये..मोदी ने। खेतों में काम करने वाली माता–बहनों के लिए पेंशन योजना किसने शुरू की?.. मोदी ने। विधानसभा और लोकसभा में बेटियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी किसने पूरी की?....मोदी ने। तो फिर कांग्रेस को वोट क्यों दें?

श्री मोदी ने कहा कि अभी तीन दिन पहले ही पूरे देश ने दीपावली मनाई है। घर–घर दिए जलाए हैं। आपने देखा होगा कि कुछ दीये एक बत्ती वाले होते हैं। वहीं, कुछ दीयों में दो बाती होती हैं। ये एक बत्ती वाले दीये से ज्यादा अंधेरा हटाते हैं, ज्यादा रोशनी देते हैं। ऐसा ही डबल इंजन की सरकार में होता है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर डबल इंजन की ताकत देती हैं, दोगुना फायदा देती हैं। केंद्र की सरकार गर्भवती बहनों को पीएम मातृ वंदना योजना के तहत हजारों रुपए दे रही है, तो प्रदेश की भाजपा सरकार लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी योजना में बेटियों, बहनों को आर्थिक ताकत दे रही है। भाजपा सरकार ने संकल्प लिया है, आदिवासी क्षेत्रों में एकलव्य आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे। यहां की भाजपा सरकार भी आदिवासी क्षेत्रों में नए स्कूल बना रही है। आदिवासी जिलों में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प लिया है, जिसे जरूर पूरा किया जाएगा। हमारी गारंटी की ताकत आप गुजरात के दाहोद में जाकर देख सकते हैं, वहां मेडिकल कॉलेज है या नहीं। मोदी है, तो मुमकिन है। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले मुफ्त गैस कनेक्शन दिए और अब सिलेंडर 500 रुपये तक सस्ता कर दिया है। एमपी में भाजपा ने बहनों को और अधिक राहत देने का संकल्प लिया है। श्री मोदी ने कहा कि आदिवासी भाईयों को वन उपज का अधिकतम मूल्य मिले इसके लिए केंद्र सरकार 90 से अधिक वन उपज को एमएसपी के दायरे में लाई है। केंद्र सरकार ने ही वन धन योजना शुरू की है। आज आदिवासी परिवारों के लाखों लोगों को इससे रोजगार मिल रहा है। अब एमपी में भाजपा ने संकल्प लिया है कि तेंदू पत्ता की खरीदी 4000 रुपये प्रति मानक बोरा के हिसाब से की जाएगी। भाजपा की केंद्र सरकार ने छोटे किसानों को 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि देना शुरू किया, तो हमारी राज्य सरकार ने भी उसमें 6000 रुपये जोड़ दिये। केंद्र की भाजपा सरकार ने धान और गेहूं के एमएसपी को लागत से डेढ़ गुना किया तो अब एमपी बीजेपी का संकल्प है कि गेहूं 2700 रुपए और धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा।

शाजापुर की जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में है वहां उसका एक ही एजेंडा है- लूट, भ्रष्टाचार और जनता पर अत्याचार। वो बार–बार झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करती है यही उसका तरीका है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास आपको देने के लिए सिर्फ विरोध है, निराशा है और नकारात्मकता है। कांग्रेस स्वभाव से ही तुष्टिकरण, गुंडागर्दी, दंगा–फसाद और भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करती है। न तो कांग्रेस के संगठन में दम है और न ही उसके पास नीयत है।

### इंदौर में किया रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की शाम पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में इंदौर में रोड शो किया। बड़ा गणपति से राजबाड़ा तक हुए इस रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सभी सड़कें भगवामय हो गई थीं। कहीं घरों से पुष्प वर्षा करके, तो कहीं मोदी–मोदी के गगनभेदी नारों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। श्री मोदी का रोड शो बड़ा गणपति से शुरू हुआ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं अन्य नेताओं के साथ विशेष रूप से सजाई गई गाड़ी पर सवार होकर प्रधानमंत्री ने नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के दौरान नागरिकों ने प्रधानमंत्री का आभार जताने के लिए काशी विश्वनाथ, महाकाल महालोक, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 और ट्रिपल तलाक से संबंधित बैनर लगाए थे। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अहिल्या प्रतिमा स्थल पर पार्टी के सभी प्रत्याशियों से भेंट की।

विदिशा और खरगापुर की सभाओं में बोले राहुल गांधी

## मप्र में कांग्रेस का तूफान आने वाला है, डेढ़ सौ सीटें जीतेंगे



**विदिशा/टीगमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है, हम 150 सीटें जीतेंगे। यह दावा आज अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने किया। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण है कि 2018 में अपने कांग्रेस की सरकार चुनी थी और फिर भाजपा के नेताओं ने, नरेंद्र मोदी ने, शिवराज सिंह चौहान ने, अमित शाह ने करोड़ों रुपए देकर विधायकों को खरीद कर आपके साथ धोखा किया। अभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज विदिशा और टीकमगढ़ जिले के खरगापुर में आयोजित जनसभा में यह बातें कही। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही 2018 की सरकार में किसानों और मजदूरों के लिए काम करना शुरू किया था तो भाजपा ने खरीद–फरोख्त और चोरी करके कांग्रेस पार्टी की सरकार को हड़प लिया।

उन्होंने प्रदेश के किसानों को युवाओं को महिलाओं को और मजदूरों को धोखा दिया। राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पहली जिम्मेदारी किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ करना है। हम गेहूं के लिए 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान और धान के लिए 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल देंगे और बढ़ाकर 3 हजार तक जाएगा, महिलाओं को 15 सौ रुपए महीने हर महिला को उसके खाते में जाएगा और बेटी के पैदा होने पर ढाई लाख रुपए देंगे। कांग्रेस की जब सरकार आई थी तो हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। कांग्रेस सरकार ने 7 हजार करोड़ रुपए का बुंदेलखंड पैकेज दिया था, बुंदेलखंड के विकास के लिए, मजदूरों के लिए, किसानों के लिए लेकिन भाजपा की सरकार ने उसे चोरी करने का काम किया, उसमें भ्रष्टाचार किया।

राहुल ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों से पैसा छीनती है और अपने उद्योगपति मित्रों को देती है। कांग्रेस की सरकार में हमनें मध्यप्रदेश में पिछली बार किसानों का कर्ज माफ किया था, इस बार फिर से हम कर्ज माफ करेंगे। बुंदेलखंड में मछुआरों को यहां के तालाबों की मछलियों पर अधिकार कांग्रेस सरकार देगी। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का काम किसान और आदिवासियों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर हम स्कूल की शिक्षा के लिए बच्चों को 5 सौ रुपए से लेकर 15 सौ रुपए तक की स्कॉलरशिप देने का काम करेंगे। हम जातिगत जनगणना का काम भी करेंगे।

राहुल ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के वीडियो वायरल होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन वीडियोज में सैकड़ों करोड़ रुपयों के लेनदेन की बात हो रही है। ये जनता का पैसा है और इसे नेता अपनी तिजोरियों में भर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं का निशाने पर लेते हुए कहा कि इस मामले में ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई जैसी एजेंसियां क्यों कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

### भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरा

भ्रष्टाचार पर राहुल ने कहा कि यहां पर बच्चों को जो स्कूल में खाना दिया जाता है, उसमें भी बड़ी लूट हुई है। मध्यप्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां मरे हुए लोगों का इलाज होता है। यहां का सबसे बड़ा घोटाला व्यापमं घोटाला है, जिसमें शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाने का काम किया। इन्होंने पटवारी परीक्षा की सीटें बेचने का काम किया लेकिन कोई जांच नहीं की गई।




## सार समाचार

### अवैध पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल लेकर किसी बारदात की फिराक में खड़े बदमाश को मुखबिर की सूचना धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बीनागंज बस स्टेंड के पास हनुमान मंदिर के सामने एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर किसी बारदात की नियत में खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस बीनागंज बस स्टेंड पहुंची और जहां हनुमान मंदिर के सामने देखा तो मंदिर के सामने मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का युवक खड़ा मिला। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम सुनील पुत्र इंदल सिंह गुर्जर निवासी ग्राम खानपुरा थाना चांचौड़ा का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसकी कमर में 32 बोर की एक पिस्टल खुरसी हुई मिली एवं जिसकी मैगजीन को चैक करने पर उसमें दो जिंदा राउण्ड भी लगे हुये पाये गये। जिसका सुनील गुर्जर से वैद्द लायसेंस चाहे जाने पर उसके पास उक्त पिस्टल का कोई लायसेंस न होना बताया बताया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी सुनील गुर्जर से बरामद पिस्टल मय दो जिंदा राउण्ड कीमती करीबन 25 हजार रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपी सुनील गुर्जर को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध चांचौडा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई संजीत सिंह मावई, बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, रामगोपाल तोमर, राजकुमार रघुवंशी एवं कुलदीप गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

बगोरिया सहित विभिन्न गांवों के मंदिरों एवं देवस्थलों पर टेका माथा

# दर्जनों गांवों में जनसंपर्क करने पहुंचे बमोरी से कांग्रेस प्रत्याशी अग्रवाल

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने मंगलवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर श्री अग्रवाल ग्राम हासली, अगरा, झिरोली, सारतला नकरी देवी, केदारनाथ, उरईखता, खेड़ा, महोदरा, राई, जाओली, बडेरा, बंधा टपरा, बंधा, दगडफला, खेरीखता, बगोनिया छोटी, बगोनिया बड़ी आदि गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने बगोनिया मंदिर में मात्था टेककर आशीर्वाद लिया। वहीं ग्रामीणों ने भी कांग्रेस के युवा प्रत्याशी श्री अग्रवाल का तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री अग्रवाल ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क में वन-टू-वन चर्चा की। गांवों के मुख्य चौक चौराहों पर श्री अग्रवाल ने छोटी-छोटी नुक्कड़



सभाओं को संबोधित करते हुए बमोरी में विकास के लिए परिवर्तन की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बमोरी सहित मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। कांग्रेस सरकार किसानों को दो लाख रूपये तक का कर्ज माफ करेगी। उन्होंने अपील की कि आगामी 17 तारीख को होने वाले मतदान के दिन आपको कांग्रेस के वचनों को ध्यान में रखना है। कांग्रेस सरकार जनता को 5 साल तक गैस सस्ती देंगे। कांग्रेस पार्टी का काम किसान, मजदूर, गरीब और आदिवासियों को मजबूत करना है। इस अवसर पर उन्होंने समूचे क्षेत्र में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि ऐसी भाजपा सरकार को 17 नवंबर को उखाड़ फेंकने का काम करना है।

**युवाओं को भा रहा ऋषि का अंदाज**-आमतौर पर राजनीति में नेता की छवि जनता में कुर्ता-पजामा वाले नेताओं की है। लेकिन कांग्रेस के बमोरी से उच्च शिक्षित ऋषि अग्रवाल युवाओं के बीच खास और सहज अंदाज में पहुंच रहे हैं। जींस-शर्ट पहने युवा अंदाज में युवाओं के साथ बुलेट पर सवारी कर वह क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल करने वाले ऋषि अग्रवाल क्षेत्र में विकास, रोजगार, स्वरोजगार, खेती किसानी, सडक़, पुल-पुलिया, बांधों के निर्माण पर पर युवाओं से राय लेकर चर्चाकर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के बीच कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई, सडक़ के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य किया जाएगे। इस दौरान कांग्रेस के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सिंधिया ने कहा, 1977 से एक ही परिवार ने पूरे राघौगढ़-जामनेर क्षेत्र में लॉक लगा रखा है

# 17 तारीख को यह ताला उखाड़ फेंको



◆ भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ने जामनेर में ली आमसभा

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी बना के समर्थन में मंगलवार को जामनेर में विशाल आमसभा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ली। इस मौके पर श्री सिंधिया ने वर्षों से दिग्विजय सिंह के परिवार की लॉक में बंद राघौगढ़ क्षेत्र को कब्जे से बाहर निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज जामनेर में मुझे परिवर्तन की लहर दिख रही है। यह राघौगढ़ क्षेत्र एक समय में गुना संसदीय क्षेत्र में आता था। मुझे याद है जब जामनेर में बाढ़ आई थी तब कोई आया हो या ना आया हो मेरे पिताजी स्व. माधवराव सिंधिया जरूर दुख की घड़ी में आए थे। इस मौके पर श्री सिंधिया ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि 1977 से राघौगढ़-जामनेर क्षेत्र को एक परिवार ने लॉक करके रखा है। आज हम यहां चाबी लेकर आएं है, आपकी जिम्मेदारी है कि यह ताला खोलो। श्री सिंधिया ने कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री का गृहक्षेत्र रहा है, लेकिन जामनेर में सडक़ों का हाल देखो, खंभों का हाल देखो, पानी का कोई व्यवस्था नहीं। ग्वालियर स्टेट के समय बनाया गया तालाब ही अभी तक यहां बना हुआ है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह का हाथ ऊंचा कर आव्हान किया कि यह चाबी आपके हाथ में है मैं विश्वास दिलाता हूं आप ताला खोलोगे तो यह जोड़ी आपके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

**स्व. दादाभाई मूलसिंह को किया याद**- इस मौके पर श्री सिंधिया ने स्व. दादाभाई मूलसिह को याद करते हुए कहा कि आज जब मैं रास्ते से जा रहा था लोग बंटी को देखकर दादाभाई-दादाभाई बोल रहे थे। मुझे तो उस समय सिर्फ दादाभाई मूलसिंह की ही याद आई। मैंने अपनी जिंदगी में इतना नेक इंसान कभी नहीं देखा, दिल के अंदर कुछ नहीं रखते थे। जो दिल में होता है वह कह देते हैं। उस स्पष्टवादी इंसान को दबाकर रखा गया। आज जब उनके चिराग को दबाया जा रहा था। मैं ऐसा कभी नही होने दूंगा। श्री सिंधिया ने कहा कि आज हम सबके बीच मूलसिंह जी के चिंरजीवी हैं। जो चिराग मूल सिंह थे वहीं चिराग हीरेन्द्र हैं।

इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि यहां कांग्रेस ने पूरे क्षेत्र को अंधेरे के गढ्डे में डाल रखा है। आज उस परिवार में क्षेत्र को क्या दिया है। विकास देखना है तो गुना, ग्वालियर क्षेत्र में आकर देखो। मैंने गुना में हजारों करोड़ रूपये से आगरा-बॉम्बे हाईवे बनवाया। गुना में बायपास बनवाया, आज मेडिकल कॉलेज बन रहा है। लेकिन राघौगढ़ क्षेत्र में एक भी उद्योग नहीं है।

**मैं विदेश का पढ़ा नहीं हूं,यहीं का किसान हूं : हीरेन्द्र सिंह**-इस मौके पर राघौगढ़ भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह ने जनता के बीच प्रदेश सरकार की योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा सरकार बनने पर लाड़ली बहना को 1500 रुपए देने की घोषणा को माता-बहनों के साथ सौदा करना बताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सिंधिया के समक्ष जामनेर के सौंदर्यकरण एवं विकास की मांग की। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं विदेश में पढ़ा नहीं हूं। मैं तो किसान हूं। मुझे पता है खेत में यूरिया, खाद कितनी डालनी है। मैं तो सौ टंका किसान हूं।

# गोवर्धन पूजन के साथ हुआ 10 दिवसीय अन्नकूट महोत्सव का शुभारंभ





गुना, देशबन्धु। दीवाली के तीसरे दिन अंचलभर में गोवर्धन पूजन का पर्व मनाया गया। इस मौके पर घरों में भगवान गोवर्धन की पूजन की गई। इसी के साथ अंचल में दस दिवसीय अन्नकूट महोत्सव की श्रृंखला गोवर्धन पूजन के साथ प्रारंभ हुई। इधर भाईदूज को लेकर गफलत की स्थिति रही। कुछ जगह मंगलवार को भाईदूज का पर्व मनाया गया तो कहीं बुधवार को भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा।

इधर अन्नकूट के मौके पर पुष्टिमार्गीय केंद्रों सहित अंचल के प्रमुख मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी का आनंद लिया। अंचल में अन्नकूट के प्रथम दिवस दर्जन स्थानों पर अन्नकूट महोत्सव शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के जिला संयोजक कैलाश मंथन ने बताया कि वैष्णव मंदिरों, सत्संग मंडलों एवं पुष्टिमार्गीय केंद्रों पर श्री ठाकुरजी को 56 भोग लगाए जाते हैं। इस दौरान अन्नकूटों में भक्तों द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की जाती है। हनुमान गली स्थित श्री नाथ जी के मंदिर में श्री गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट महोत्सव में बडी संख्या में वैष्णवों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

# कांग्रेसियों ने नेहरू पार्क पहुंचकर की साफ-सफाई



गुना, देशबन्धु। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मंगलवार को जिलेभर में मनाई गई. हनुमान चौराहा स्थित नेहरू पार्क पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रमुखजन में मौजूद जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह, हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, मानसिंह परसौदा, कैलाश नारायण भार्गव, राजेन्द्र तिवारी, मोहन रजक, पुष्पराग शर्मा, रामप्रसाद चौधरी, रेखा जैन, कन्हैयाराम अहिरवार, असीम भटनागर, रामवीर जाटव, प्रमोद रघुवंशी, इंदरसिंह राजपूत, बनवारी ओझा, राजू कोरी, मनीष रजक सहित अनेकजन ने सबसे पहले कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू की प्रतिमा और पार्क परिसर की साफ सफाई की। इसके बाद पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने पंडित नेहरू का जीवन परिचय प्रस्तुत किया. इसके अलावा देश को आजाद करने में पंडित जवाहरलाल नेहरू के असाधारण योगदान को भी विस्तार से बताया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहाकि इस समय पूरे मध्य प्रदेश सहित पांचों चुनावी राज्यों में कांग्रेस की लहर चल रही है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि इस वातावरण को बरकरार रखें और कांग्रेस को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह कर रहे सघन जनसम्पर्क



**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा सघन जनसंपर्क कर भाजपा की जन हितैषी योजनाओं को लेकर घर -घर जाकर मतदान करने की अपील की किसान हो या मजदूर सभी के लिए विभिन्न योजनाओं लागू की। जिनसे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और आगे भी अनेकों योजनाओं से लाभान्वित होते रहेंगे। जनसम्पर्क में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 नवम्बर बुधवार को सुभाष चौक पर भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के पक्ष में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिसमें भाजपा विधानसभा क्षेत्र आष्टा के वरिष्ठ नेता और सभी मंडलों के पदाधिकरी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्यगण देव तुल्य कार्यकर्ता बंधु ग्रामीण जन मानस मातृ शक्ति उपस्थित रहेगी।

**मुख्यमंत्री करेंगे गोपाल सिंह के पक्ष में चुनावी सभा** - मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 15 नवम्बर बुधवार को सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से आष्टा आएंगे। कॉलेज परिसर से रोड शो प्रारंभ होगा। जो मंडी गेट अदालत चौराहा राधाकृष्णन मंदिर होता हुआ नजरगंज पहुचेगी, आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के समर्थन में मतदाताओं से अपील करते हुए उनसे कमल के फूल की बटन पर वोट डालने की अपील करेंगे। श्री इंजीनियर ने समस्त आष्टा विधानसभा के कार्यकर्ता मतदाताओं से अपील की है कि अपना अमूल्य समय देकर अपना बहुमूल्य वोट देकर आशीर्वाद प्रदान करे।

# विश्व मधुमेह दिवस पर बूढ़े बालाजी स्वास्थ्य केंद्र पर लगा शिविर

गुना, देशबन्धु। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर आज विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी ओम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व सीएमएचओ डॉ. पी बुनकर, वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. जगबीर सिंह धाकड़, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर की अध्यक्षता पूर्व सीएमएचओ डॉक्टर पी बुनकर द्वारा की गई । इस मौके पर उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को बताया गया कि मधुमेह एक घातक बीमारी है। शुरू में इसके लक्षणों का पता नहीं चलता है धीरे-धीरे शरीर के अंगों को कमजोर कर देती है एवं बीमारियों का आक्रमण शरीर पर बड़ा देती है। जिससे स्वस्थ शरीर बीमार होने लगता है। हर व्यक्ति को समय से पहले अपनी मधुमेह की जांच करवानी चाहिए। जिससे जल्द ही बीमारी का पता चल सके एवं रोकथाम हो सके। हम सबको इसकी जानकारी होना चाहिए। इस अवसर पर ऐसे रोगी जिनका पहले से ही डायबिटीज का इलाज चल रहा है उनकी निशुल्क जांच की गई एवं एक महीने की निशुल्क दवाई वितरित की गई।कार्यक्रम में डॉ. जगवीर सिंह धाकड़ मेडिसिन विशेषज्ञ एवं डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा 105 रोगियों का निशुल्क उपचार किया गया एवं दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर लैब सुपरवाइजर आनंद ओझा द्वारा 05 रोगियों का ब्लड सैंपल लिए गए। इसी क्रम में स्टाफ नर्स कविता धाकड़ द्वारा 30 रोगियों के ब्लड प्रेशर की जांच, 30 रोगियों की डायबिटीज की जांच की गई। वहीं नर्स प्रियंका मरावी, वर्षा कटरे, सौरभ रघुवंशी द्वारा शिविर में सहयोग किया गया।

# आप प्रत्याशी ममता मीना ने की उकावद, मधुसूदनगढ़ और चांचौड़ा में सभाएं



**गुना, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी की चांचौड़ा से प्रत्याशी ममता मीना ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उकावद, मधुसूदनगढ़ एवं चांचौड़ा के मुख्य बाजारों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की। इस मौके पर ढोल नगाड़ों के बीच ममता मीना ने आप कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क भी किया।

यहां उन्होंने नुक्कड़ नाटकों के द्वारा जनता को अरविंद केजरीवाल एवं भगवंत मान की जनहितैषी नीतियों को बताकर समर्थन मांगा। वहीं नुक्कड़ टीम द्वारा प्रत्येक चौराहे पर चुनाव चिह्न झाड़ू लेकर नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकार और आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए जनहितैषी कार्यों को जनता के बीच रखा। इस अवसर पर सबसे पहले ममता मीना द्वारा उकावद में नुक्कड़ सभा एवं सघन जनसंपर्क कर अपने दृष्टिपत्र पर संवाद करते हुए मतदाताओं से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा-कांग्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय समस्याओं को सुलझाने की जगह जनता को गुमराह कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता सजग और समझदार हैं, वे ऐसे बहकावे न आकर शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार, महिला सुरक्षा, बेरोकटोक व्यापार आदि मुद्दों के लिए वचनबद्ध पार्टी को समर्थन देगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने झोंकी प्रचार में पूरी ताकत



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में कांग्रेस के चुनाव प्रचार का दौर जारी है । 15 तारीख को प्रचार थम जाएगा। कांग्रेस उम्मीदवार कमल सिंह चौहान ने मतदाताओं के बीच में जाकर पूरी ताकत झोंककर चुनाव का सघन जनसंपर्क कर रहे हैं।

इस जनसंपर्क में नगर के वार्ड के पार्षद ,पूर्व पार्षद ,वरिष्ठ नेता ,पूर्व संगठन पदाधिकारी वर्तमान पदाधिकारी ,महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, सहकारिता प्रकोष्ठ आदि कांग्रेस की सभी सहयोगी संगठनों के नेताओं ने पूरा जोर लगाकर कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान के पक्ष में वोट मांगे। कमल सिंह चौहान के इस जनसंपर्क को देखने के लिए लोगों का हुजूम नजर आ रहा था। चौराहों पर कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान का जनता ने बड़ी आत्मीयता के साथ स्वागत किया। जनसंपर्क में इस बार युवाओं का जोश अलग ही देखने को मिल रहा था । चौराहा चौराहा पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे और जय कांग्रेस ,विजय कांग्रेस के नारे लगा रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी का नगर में जो रूट तैयार किया गया था। उसमें सुबह 9 बजे नगर के नेता और कार्यकर्ता महिला और पुरुष मंडी गेट के सामने इकट्ठा होना शुरू हो गए थे और वहीं से बड़ी संख्या में पूरे नगर में सघन जनसंपर्क किया ।

# मतदाता जागरूकता के लिए आज किया जायेगा वाहन रैली का आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण राठी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अंतर्गत 15 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से मतदाता जागरूकता के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत वृहद वाहन रैली का आयोजन किया जायेगी। रैली का प्रारम्भ कलेक्ट्रेट गुना, हनुमान चौराहा, जयस्तम्भ चौराहा, भुल्लनपुरा चौराहा, मारूती शोरूम तिराहा-अम्बेडकर चौराहा-पीजी कॉलेज मार्ग से होते हुये लाल परेड पर पूर्ण होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक द्वारा वृहद वाहन रैली में समस्त अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों वाहन सहित सम्मिलित होने के आदेश जारी किये गये हैं । जारी आदेशानुसार समस्त विभाग प्रमुख एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, कार्यालय से जुडी संस्थाओं एवं व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता के इस महत्वपूर्ण आयोजन में सहभागिता करने के लिये अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व नोडल अधिकारीद्वय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका गुना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुना को किया गया हैं। इसी क्रम में नगर परिषद आरोन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार सोनी के निर्देशन में स्वीप गतिविधि अंतर्गत रिजोदा तिराहे पर मतदान शपथ का कार्यक्रम आयोजन किया गया। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई। आयोजन के दौरान बूथ अवेरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। जिसमें राजेंद्र यादव द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। उक्त स्वीप गतिविधि में नोडल अधिकारी शेख जिगर खान, स्वीप समन्वयक श्री शिवम शर्मा, टिंकू रघुवंशी, केशव बुनकर, गुरुनारायण भार्गव, मुकेश झा, गोलू जाटव, रीता सोनी एवं कार्यालय कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचन से संबंधित स्टेंगिन कमेटी की बैठक संपन्न

# आज शाम 6 बजे से किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस एवं सभा पर रहेगा प्रतिबंध



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक, समस्त रिटर्निंग अधिकारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 नवम्बर की शाम 6 बजे से प्रचार-प्रसार की समय अवधि समाप्त हो जाएगी। राजनैतिक दलों/ अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी तरह की रैली, जुलूस या सभा का आयोजन नही किया जायेगा तथा ऐसे वाहन जो प्रचार-प्रसार के लिए जिन्हें अनुमति रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दी गयी थी वह स्वत: 15 नवम्बर को समाप्त हो जाएगी।

16 व 17 नवम्बर के लिए राजनैतिक दलों द्वारा आयोग के निर्देशानुसार वाहन उपयोग की अनुमति संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से फिर से लेना होगी। जिले में धारा 144 लागू होते ही 5 से अधिक व्यक्ति एक से अधिक स्थान पर खड़े नही रहेंगे और जिले की सीमाक्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों के निवासी के अतिरिक्त बाहरी व्यक्ति को विधानसभा क्षेत्र छोडना होगा, अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्यवाही की जायेगी। मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी और कोई भी राजनैतिक दल/अभ्यर्थी इस सीमा के भीतर अपना बूथ स्थापित नही कर सकेंगे। मतदान दिवस को एक अभ्यर्थी के लिए 3 वाहन की अनुमति होगी जो संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दी जायेगी।

सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा। मतदान की गोपनियता भंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। बैठक के अंत में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी कि अभी तक आप सभी प्रतिनिधियों का अपेक्षित सहयोग मिला है, आशा है कि मतदान दिवस को भी आपका सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा और जिले में हम निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करा सकेंगे।

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 15 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## और कितने हादसे देखेंगे पहाड़!

पहाड़ों के साथ छेड़छाड़ का एक और नतीजा बड़े हादसे के रूप में सामने आया है जिसमें उत्तराखंड स्थित उत्तरकाशी के बड़कोट में एक निर्माणाधीन सुरंग धसक गयी। उत्तरकाशी में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच यह सुरंग बन रही है। इसमें करीब 40 मजदूर फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पिछले 3 दिनों से प्रयास हो रहे हैं। केन्द्र के एनडीआरएफ तथा राज्य के एसडीआरएफ समेत अनेक विशेषज्ञ टीमें मलबे को हटाकर उन्हें निकालने हेतु प्रयासरत हैं। सुरंग के अंदर फंसे ज्यादातर प्रवासी मजदूर हैं- मुख्यत: उत्तर प्रदेश के। आशा है कि बचाव टीमें इन्हें सुरक्षित निकालने में कामयाब होंगी। बताया गया है कि सुरंग के भीतर फंसे हुए मजदूर सुरक्षित हैं। वॉकी टॉकी के माध्यम से रेस्क्यू टीम का उनसे संपर्क बना हुआ है। उत्तरकाशी की मिट्टी बहुत नर्म है। इसके चलते ऊपर से चट्टानें, मिट्टी आदि लगातार नीचे गिर रही है। इसके कारण भी बचाव कार्य में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं।

पहाड़ों के साथ जैसा व्यवहार मनुष्य की ओर से हो रहा है उसका एक और उदाहरण इस हादसे के रूप में सबके सामने है। अब यह सोचने का वक्त आ गया है कि किस तरीके से पहाड़ों में विकास कार्य किये जायें कि प्रकृति को न्यूनतम नुकसान हो और कम से कम ऐसे दर्दनाक हादसे तो न ही घटें। उल्लेखनीय है कि इसी साल की जनवरी में जोशीमठ में कई जगहों पर जमीनों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई। अनेक घरों में भी दरारें आई हैं जिसके कारण सैकड़ों लोगों ने जोशीमठ ही छोड़ दिया है। उन्हें अस्थायी शिविरों में शरण लेनी पड़ी थी। आज भी यहां के लगभग 700 मकानों में दरारें देखी जा सकती हैं। यह कस्बा एक तरह से खाली हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में उत्तरकाशी के ही भटवाड़ी इलाके में द्रौपदी के डांडा-2 पर्वत शिखर पर जोरदार बर्फीला तूफान आया था। इससे 34 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। इनमें 25 प्रशिक्षु थे जबकि 2 प्रशिक्षक थे। 2013 में केदारनाथ की त्रासदी को कोई नहीं भूल सकता। यह हाल के वर्षों में उत्तराखंड की सर्वाधिक बड़ी त्रासदी मानी जाती है जिसमें पता नहीं कितने लोगों की मौत हो गई थी। आज तक यह ठीक-ठीक नहीं बताया जा सकता है कि कितने लोग मारे गये। अक्टूबर 1991 में जोरदार भूकंप आया था जिससे करीब एक हजार लोग मारे गये थे। हजारों मकान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये थे। तब यह अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे ही, काफी पहले पिथौरागढ़ जिले का माल्पा गांव भूस्खलन के चलते पूरी तरह से उजड़ गया था। इस हादसे में 255 लोगों की मौत हुई थी जिनमें कैलाश मानसरोवर जाने वाले 55 से ज्यादा श्रद्धालु थे। चमोली जिले में रिएक्टर स्केल पर 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप के चलते 100 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इससे सटे हुए जिले रुद्रप्रयाग में भी भारी नुकसान हुआ था और अनेक घरों, सड़कों तथा जमीनों में दरारें आई थीं।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत पूरी हिमालयीन पर्वत श्रृंखला अपेक्षाकृत पृथ्वी पर होने वाला नया प्राकृतिक निर्माण है। कुछ ही स्थलों को छोड़ दें तो कम आयु की यह पर्वतमाला ज्यादातर स्थलों पर कच्ची है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इसका निर्माण अब भी जारी है। उसमें भी उत्तराखंड की मिट्टी तो और भी भुरभुरी होने के कारण पृथ्वी की परतों के नीचे होने वाली हलचलों का असर हिमाचल प्रदेश के साथ इसी क्षेत्र में सर्वाधिक पड़ता है। नेपाल में बार-बार आने वाले भूकम्पों का कारण भी यही भूगर्भीय हलचलें हैं। ये पहाड़ अपनी खूबसूरती के कारण देश-विदेश से करोड़ों लोगों को आकर्षित करते हैं। दरअसल उसके दिलकश नज़ारे ही उसके लिये अभिशाप बन गये हैं क्योंकि उनका आनंद लेने के लिये बड़ी संख्या में आने वालों के लिये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हुए निर्माण कार्यों को यहां की आपदाओं के लिये प्रमुख रूप से दोषी बताया जाता है। जगह-जगह बनने वाले होटल, मकान, बहुमंजिला इमारतें, व्यवसायिक परिसर, रिसोर्ट्स, होमस्टे आदि के कारण जमीनों का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से बदल दिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय सीमाएं लगने के कारण इस पूरे क्षेत्र का सैन्य महत्व भी है। सीमाओं पर चौकसी व उनकी सुरक्षा के लिये बड़ी सड़कें, पुल, सुरंगें आदि बनाई जाती हैं। इनसे भी पहाड़ों को नुकसान पहुंचता है। इन पहाड़ों में पनबिजली उत्पादन की भी अपार सम्भावनाएं हैं क्योंकि पर्वतों से निकलने वाली नदियों और नालों से बिजली संयंत्रों को पानी मिलता है। इसके लिये पानी के बहाव को मोड़ा गया है, बांध बने हैं, सुरंगें बनी हैं एवं विशाल निर्माण हुए हैं जिनसे बड़ी तादाद में बने विद्युत संयंत्रों को जल की आपूर्ति होती है।

हाल के वर्षों में सरकारों द्वारा नयी सड़कें या उनका चौड़ीकरण, पुल, सुरंग आदि का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके लिये होने वाले विस्फोटों व मशीनों के कारण भी पहाड़ों को भारी नुकसान होता है। इससे जलवायु में भी परिवर्तन हो रहा है। अब तो पहाड़ों के ऋतु चक्र में भी बदलाव दर्ज हो रहे हैं। ऊपरी इलाकों में स्थित ग्लेशियरों के पिघलने के कारण इन पहाड़ों से निकलने वाली नदियों का जल स्तर बढ़ने तथा भूगर्भीय जल के कारण सतह के ऊपर बड़ी टूट-फूट हो रही है। नये-नये निर्माण कार्यों के परिणाम ऐसी ही त्रासदियों एवं हादसों के रूप में सामने आ रहे हैं। विकास की आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता लेकिन इन त्रासदियों एवं हादसों को देखते हुए नियंत्रित व वैज्ञानिक तरीके से निर्माण किये जाने चाहिये।

# आखिरकार भाजपा को कांग्रेस ने उतारा यथार्थ की ज़मीन पर

वैसे तो देश के पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम एवं छत्तीसगढ़) में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं लेकिन इनमें दूसरा सबसे छोटा राज्य छत्तीसगढ़ कुछ विशिष्ट मायनों में अति महत्वपूर्ण बन गया है। यहां के राजनैतिक विमर्श से पिछले कुछ समय से जो राजनीतिक दबदबा एवं बढ़त भारतीय जनता पार्टी के पास थी, वह अब छूट रही है। पांच साल पहले बड़े बहुमत से छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस की सरकार ने जहां एक ओर अनेक लोकहितकारी काम किये हैं, उसने भाजपा को राजनैतिक जवाब तो दिया ही है, देश के सम्पूर्ण सियासी नैरेटिव को बदलकर रख दिया है। नुकसान में भाजपा ही है।

मतदाताओं को लुभाने के लिये अब जिस तरह से पांच राज्यों के चुनावों में प्रमुख राजनैतिक दल घोषणाएं कर रहे हैं उससे मतदाताओं के विभिन्न वर्गों की सचमुच मौज हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार से आर्थिक एवं जमीनी मुद्दे सियासी विमर्श से हट गये थे, वे इन चुनावों के जरिये वापस केन्द्र में आ रहे हैं। यथार्थवादी मुद्दों की जगह पर भावनात्मक मसलों को तरज़ीह देने वाली भारतीय जनता पार्टी भी रास्ता बदल रही है। मतदाताओं ने उसे सही राह पर तो लाया है, अब अवाम को केवल यह सीखना बचा है कि गारंटियां देने वाली राजनैतिक पार्टियों के जीतने पर उनके नेताओं को कान पकड़कर उन्हें पूरा करने पर मजबूर किया जाये।

पिछले दिनों हिमाचल एवं कर्नाटक में मिली पराजयों से उम्मीद की जा रही थी कि भाजपा का राजनैतिक विमर्श बदलेगा परन्तु उसका साम्प्रदायिकता, सामाजिक ध्रुवीकरण और ऐसे ही भावनात्मक मुद्दों पर विश्वास इतना गहरा है कि वह इस लाइन को सहजता से नहीं छोड़ती। हालांकि उसे कर्नाटक में मिली हार से सबक लेना चाहिये था जब वहां कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे को उसने बजरंग बली से जोड़ दिया था लेकिन उसका कोई फायदा उसे मिल नहीं पाया था। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभाओं में बजरंग बली के नारे लगवाए गए और प्रदेश भर में चुनाव के अंतिम दौर में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ भी कराये गये। इसके बाद भी जिस तरह से भाजपा को मुंह की खानी पड़ी तो उसके बाद हो रहे इन इन पांच राज्यों में उससे सबक लेते हुए कम से कम इस तरीके के प्रचार से तौबा करनी चाहिये थी। वैसे इसके लिये इन राज्यों में उसकी गुंजाइश बची भी नहीं है।

राजस्थान में भाजपा ने इसकी कोशिश की जहां कुछ अरसा पहले हुए एक दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के मामले को भुनाने की कोशिश हुई, पर वह विमर्श भी नहीं बढ़ पाया। वहां के लोगों ने राजस्थान सरकार के कामों को पसंद किया, खासकर सस्ते रसोई गैस सिलिंडर, पुरानी पेंशन योजना आदि। छत्तीसगढ़ ने और भी बेहतर उदाहरण पेश किया। यहां पहले चरण का मतदान (7 नवम्बर) हो जाने के बाद और दूसरे चरण (17 नवम्बर) के पहले भारतीय जनता पार्टी ने ऐलान कर दिया कि अगर वह चुनाव जीतती है तो राज्य की सभी विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर माह 1000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जायेगी। इसके लिये उसने प्रमुख अखबारों में आधे-आधे पेज के विज्ञापन प्रकाशित किये जिसमें एक फॉर्म भी था। महिलाओं से कहा गया कि वे इसे भरकर भाजपा के स्थानीय कार्यालयों में जमा करें। मकसद साफ है कि जो महिलाएं इन आवेदनों को जमा करेंगी उन्हें पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। आचार संहिता का यह खुला उल्लंघन तो है ही, अनैतिक भी है। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष अरुण साव के अलावा कुछ भाजपा प्रत्याशियों को नोटिस भी जारी की है। एक पूर्व मंत्री राजेश मूणत की तरफ से भी मतदाताओं के मोबाइलों पर डायरेक्ट मैसेज मिले हैं जिनमें एक ईमेल आईडी दी गई है और कहा गया था कि वे इस योजना का लाभ लेने के लिये इस लिंक पर आवेदन करें। अब इसके जवाब में कांग्रेस ने इसी की तर्ज़ पर 15 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद देने का ऐलान कर मतदाताओं के रुख को पलटाने का दांव चल दिया जिसका भाजपा निरूत्तर है।

इसके पहले यहां कुछ जगहों पर साम्प्रदायिकता का रंग देने की कोशिशें हुई हैं, जैसी कि अनेक राज्यों में हुई है। विशेषकर, कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर के चुनावी क्षेत्र कवर्धा में उनके खिलाफ प्रचार करने के लिये कई तल्ख़ ज़ुबानी बाहरी नेताओं को उतारा गया। इनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा आदि शामिल हैं। इसके अलावा कई साधु-संतों को तक उतारा गया। हिमंता ने तो अंदेशा जताया कि 'एक अकबर के आने से कई अकबर आते हैं,' लेकिन बाद में वे इससे मुकर गये। ऐसे ही, कुछ समय पहले बेमेतरा में एक साम्प्रदायिक झगड़े में मारे गये भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को मंत्री रवीन्द्र चौबे के विरूद्ध भाजपा ने मैदान में उतारा है। फिर भी ये पैंतरे काम नहीं आ रहे हैं क्योंकि छग सचमुच शांति का टापू है। इसलिये हमेशा की तरह भाजपा सरकार ने केन्द्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों को भी काम पर लगा दिया है। कर्नाटक में बजरंग दल को बजरंग बली से मिलाने की ही तरह छग में भी भाजपा ने महादेव एप को भगवान महादेव से जोड़ दिया। मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे नेता भी महादेव एप के जरिये भूपेश बघेल को 500 करोड़ रुपये मिलने का प्रचार तो कर रहे हैं परन्तु यह कोई भी नहीं बता पा रहा है कि ये पैसे आए कैसे और खुद छत्तीसगढ़ सरकार के महादेव एप पर प्रतिबंध लगाने की मांग को क्यों केन्द्र ने लम्बे समय तक लटकाये रखा?



डॉ. दीपक पाचपोर

**कर्नाटक के बाद छत्तीसगढ़ ने साबित कर दिया है कि भाजपा के साम्प्रदायिक कार्ड के दिन लद गये हैं। जमीन पर पूरी तरह से उतर चुकी भाजपा अब सस्ते गैस सिलेंडर की बात करती है, वह चुनाव जीतने पर किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ऊंचा न्यूनतम समर्थन मूल्य देना चाहती है- बिना यह बताये कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में इसका भाव 2100 रुपए क्यों है।**

कर्नाटक के बाद छत्तीसगढ़ ने साबित कर दिया है कि भाजपा के साम्प्रदायिक कार्ड के दिन लद गये हैं। जमीन पर पूरी तरह से उतर चुकी भाजपा अब सस्ते गैस सिलेंडर की बात करती है, वह चुनाव जीतने पर किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ऊंचा न्यूनतम समर्थन मूल्य देना चाहती है- बिना यह बताये कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में इसका भाव 2100 रुपए क्यों है जहां उसी की सरकार है। अब वह छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने घोषणापत्र में कहती है कि प्रदेश में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) में बेहतरीन काम हुआ है। वही मनरेगा जिसे मोदी भरी संसद में चटकारे लेकर कहते थे कि 'यह कांग्रेस की 'विफलता का स्मारक' है और वह इसे बन्द न करके इसे जारी रखेंगे ताकि जनता देख सके कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी सरकार लोगों को गड्ढे खोदने के लिये भेजती है।' अब भाजपा के लिये किसी को नगद राशि देना रेवड़ियां नहीं रह गया है। हालांकि अभी भी भाजपा यहां ओबीसी और कर्ज माफी के मामले पर मौन है। इसलिये यह चुनाव भाजपा सहित सभी राजनैतिक दलों को यह भी बताएगा कि जनहित के मामलों को जल्दी और वक्त पर लागू किया जाना चाहिये, न कि चुनावी हार को सामने देखकर।

छत्तीसगढ़ का विमर्श अन्य चारों राज्यों में भी फैलता दिख रहा है। उम्मीद है कि वह अगले साल होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में भी बना रहेगा। यहां कोई जीते या हारे, तमाम राज्यों में कोई जीते या हारे, लोकसभा-2024 भी कोई हारे या जीते, देश का राजनैतिक विमर्श ठोस जमीनी रहेगा- यही छत्तीसगढ़ का योगदान है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# हमारे लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की कमियां दूर करने के कुछ सुझाव

हमारे देश के चुनावों को करोड़पतियों ने हाईजैक कर लिया है। जितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं उनमें से बहुसंख्यक करोड़पति होते हैं। चूंकि वे स्वयं करोड़पति होते हैं इसलिए वे चुने जाने के बाद करोड़पतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं। अब यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भारतीय प्रजातंत्र करोड़पतियों के लिए, करोड़पतियों द्वारा बनाई गई व्यवस्था है।

हमारे संविधान की उद्देशिका में लिखा है भारत एक सेक्युलर, सोशलिस्ट रिपब्लिक है। चुनाव के दौरान यह उद्देशिका पूरी तरह भुला दी जाती है। चुनावों के दौरान सेक्युलरिज्म की कोई चर्चा नहीं होती। उल्टे मतदाताओं से धर्म के नाम पर अपील की जाती है। प्राय: उम्मीदवार मंदिर जाते हैं, भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं, बड़ी-बड़ी मन्नतें मांगते हैं, भारी-भरकम चढ़ावा चढ़ाते हैं। जाति का तो कहना ही क्या- उम्मीदवारों का चयन ही जाति के आधार पर होता है।

जहां तक सोशलिज्म का सवाल है, लगभग सभी पार्टियां इस शब्द को पूरी तरह भूल गई हैं। सोशलिज्म का उद्देश्य समतामूलक समाज का निर्माण करना है। लेकिन इस देश में मुकेश अंबानी रहते हैं, जिनके मकान में तीन सौ कमरे हैं। इस मकान के संदर्भ में प्रसिद्ध शायर कैफी आजमी की वह कविता याद आती है –

'आज की रात बहुत गर्म हवा चलती है,<br>
अब इस फुटपाथ पर न सोया जाएगा,<br>
तुम भी उठो, हम भी उठें,<br>
कोई खिड़की इस दीवार में खुल जाएगी'।

यह बात सिर्फ अंबानी पर लागू नहीं होती। यह स्थिति पूरे देश की है। यह असमानता सिर्फ मकानों व झोपड़ियों तक सीमित नहीं है। यह खेती की जमीन पर भी लागू होती है। यद्यपि हमारे देश में खेती की जमीन पर सीलिंग कानून लागू है परंतु आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो सैकड़ों एकड़ जमीन के मालिक हैं, जो खुलेआम सीलिंग कानून का उल्लंघन है।

एक और बुनियादी सिद्धांत का पालन नहीं हो रहा है। जिस बड़े पैमाने पर दलबदल कर सरकारें बनाई और गिराई जाती हैं उसके चलते अब चुनाव का कोई मतलब नहीं रह गया है। मध्यप्रदेश में 2020 में जो हुआ वह इसका जीता-जागता उदाहरण है। आप चुनाव किसी घोषणापत्र पर और किसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीते और चुनाव जीतने के बाद सत्ता की खातिर क्षण भर में उस पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। मध्यप्रदेश में जो हुआ था वह अवसरवादिता और सिद्धांतहीनता की पराकाष्ठा थी। जिन लोगों ने दलबदल किया उन्होंने पहले चिल्ला-चिल्लाकर भाजपा को साम्प्रदायिक दल बताया था। सन् 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का हमला मुख्यत: ज्योतिरादित्य सिंधिया पर केन्द्रित था। हम 'माफ करो महाराज' नारे को भूल नहीं सकते जो सिंधिया के विरूद्ध बार-बार लगाया गया था। वही सिंधिंया माफ करते हुए कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

दलबदल ने हमारे देश में प्रजातंत्र को सिद्धांतहीनता के खंभों पर खड़ा कर दिया है। वैसे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के जो अनेक देश आजाद हुए थे, उनमें से हमारा देश उन चन्द देशों में से एक है जहां लोकतंत्र कायम है। परंतु दलबदल का दीमक उसे जिस तरह से बर्बाद कर रहा है उससे लगता है कि एक दिन देश का लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा।

भारत में दलबदल की प्रक्रिया को सैद्धांतिक अमली जामा डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहिनाया था। उन्होंने नारा दिया था ''जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती है''। उनका नारा था 'equidistance' उद्देश्य था कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी से बराबर की दूरी रखी जाए। जिंदा कौमें...वाले नारे का मतलब था कि यदि चुनी हुई सरकार गड़बड़ करती है तो उसे पांच साल के पहले ही पलट दो। इस नारे का सहारा लेकर दलबदल शुरू हो गया। अनेक सरकारों को दलबदल के जरिए पलट दिया गया। दलबदल के बारे में एक नया नारा उभरा – 'आया राम गया राम'। इस तरह पहली बार भगवान राम का नाम राजनीति में घसीटा गया। मध्यप्रदेश भी उन राज्यों में से एक था जहां दलबदल से सरकार बदली गई। दलबदल के जरिए सरकारें बदलने की इस प्रक्रिया में जनसंघ की प्रमुख भूमिका रही। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र ने सुझाव दिया कि जहां भी ऐसे प्रयास हों वहां की विधानसभा को भंग कर दिया जाए। पंडित मिश्र का यह सुझाव नहीं माना गया। यदि यह सुझाव मान लिया गया होता तो हो सकता है कि दलबदल की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती। अब यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल हो गया है। राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि वे इस प्रवृत्ति को समाप्त करने में पहल करेंगे।

यदि दलबदल को समाप्त करना है तो इसके लिए आम लोगों को ही पहल करनी होगी। आम लोगों को सांसदों पर इतना दबाव बनाना चाहिए कि वे संसद में दलबदल को पूरी तरह प्रतिबंधित करने वाला कानून बनवाने को बाध्य हो जाएं। परंतु यह हमारा दुर्भाग्य है कि सार्वजनिक मुद्दों पर हमारे देश की जनता संगठित नहीं होती है जैसा पश्चिम के राष्ट्रों में होता है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां जनता की इच्छा के विरूद्ध कोई काम करना बहुत कठिन होता है। जैसे, यदि अमेरिका ईराक पर हमला करता है तो वहां की जनता सड़कों पर निकलकर इसकी भर्त्सना करती है। हम यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती। यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गई हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।



एल. एस. हरदेनिया

**हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती। यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गई हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।**

## पावन प्रसंग

## सद्‌गुण है विनम्रता

मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह है जो उसे हर मुसीबत में विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पर पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अहंकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्‌गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है, या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूपमंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह न आधा रह पाता है न ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही है–

बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,<br>
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अहंकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए न कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वत: निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बनने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव प्रकाशित करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्वकर्ता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्रशील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

## दीपावली के कारण चुनाव प्रचार में पार्टिया घर घर जाकर झोंक रही है पूरी ताकत

पुरानी कहावत के अनुसार चुनाव जीतने के बाद पांच साल बाद नेता उस मोहल्ले में फिर से आता था। जहां से वे उस क्षेत्र से उम्मीदवार बन चुनाव जीतकर गया है। लेकिन यह अभी ट्रेंड बदला है। विकास के लिए देश में युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है। राजस्थान में चुनाव को लेकर प्रत्याशी एवं मतदाता गंभीर है। कांग्रेस के पांच साल के शासन काल की परिणति रही है कि कांग्रेस ने साढ़े चार तक अशोक गहलोत और सचिन पायलट एक दूसरे की नजर चुरा रहे थे। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे अध्यक्ष बनने के बाद सचिन को इशारों इशारों में समझाने के बाद सचिन ने हमेशा के लिए चुप्पी साध ली है। कांग्रेस के दिग्गज नेता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव में भुना रहे हैं। भाजपा के पास पेपरलीक और भ्रष्टाचार के मुद्दे हैं। दीपावली के पावन पर्व के कारण राजस्थान में घर घर जाकर प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस को उनकी योजनाओं पर एतबार है। मोदी ने कहा कि देश में गरीबी का कारण कांग्रेस जिम्मेदार है। भाजपा कांग्रेस को विफल बताते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की नीति अपनाती है। राजस्थान में बिगड़ती कानून व्यवस्था को भाजपा चुनावी हथियार की तरह उपयोग करने जा रही है। इस नवम्बर में चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा के पास दूसरे टर्म की आशा है तो कांग्रेस को हर मोर्चे पर विफल बता रही है। बिगड़ती कानून व्यवस्था महिला अपराध सांप्रदायिक तनाव जैसे मुद्दे कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकते हैं। कांग्रेस को कोई नहीं परास्त कर सकता है क्योंकि धरातल पर पटकने में कांग्रेस की नीतियां कारणभूत है और उनकी कार्यप्रणाली कांग्रेस की हार का कारण बनेगी। भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं का चुनाव प्रचार के लिए आना-जाना लगा ही रहता है। लेकिन स्टार प्रचारकों के बाद ही राजस्थान की चुनावी फिजा बदलेगी। क्योंकि उनके स्टार जिस दल का प्रचार करेंगे उसी दल को मतदाता वोट करेंगे।आगामी दो दिनों में राजस्थान की गणित बदलती हुई दिखाई देगी। जयपुर, जोधपुर और उदयपुर संभाग में स्टार प्रचारकों के दौरे कराए जाएंगे। कांग्रेस चिरंजीवी योजना, पुरानी पेंशन और मुफ्त बिजली पर विशेष ध्यान दे रही है। ये चुनावी मुद्दे के तौर पर देखे जा सकते हैं। कांग्रेस ने जिन कल्याणकारी योजनाओं को चुनावी मुद्दे बनाकर लोगों को लुभा रही है उसका कार्यकाल तीन-चार महीने पूर्व का ही है। इसमें लोगों को कितना फायदा मिला होगा? वृद्धावस्था पेंशन पर कांग्रेस का फोकस है। दरअसल, पहली बार युवा वोट करने जा रहे हैं। उनके मन में भी अनेक प्रश्न है और उन प्रश्नों के आधार पर ही चुनावी दल को वोट करेंगे। जिन बच्चों के जेहन में उनके जीवन को लाभान्वित करने वाले मुद्दे किसी भी दल के पास होंगे उसी दल को वोट करेंगे।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मतदाता 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक भी दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**रायसेन, देशबन्धु।** मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है। तो भी वह विधानसभा निर्वाचन-2023 में मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर 17 नवम्बर को मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

### आज से मतदान समाप्ति तक शराब विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित

**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत विधानसभा निर्वाचनण 2023 के लिए रायसेन जिले में 17 नवम्बर को मतदान होना है। जिसके दृष्टिगत 15 नवम्बर को शाम 05 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवधि में जिले में संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों से मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के साथ ही होटलए रेस्टोरेंटए क्लब और मदिरा बेचने तथा परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा किसी भी व्यक्ति को मदिरा बेचने तथा परोसने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही उत्पादन इकाईयों में निर्यात और परिवहन पूर्णतः रूप से बंद रहेगा।

# 20 किमी की दूरी पर 10 सीएम राइज स्कूल खोलूंगा: शिवराज

▶ मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी हरिसिंह के लिए की आमसभा






**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को गंजबासौदा पहुंचे। उन्होंने यहा भाजपा प्रत्याशी हरिसिंह रघुवंशी बड्डा के समर्थन में स्थानीय नेहरू चौक में आमसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री चौहान सड़क मार्ग से राजेन्द्र नगर होते हुए सावरकर चौक मील रोड होते हुए गंजबासौदा पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्थानीय नेहरू चौक पर जनसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लाड़ली बहनों ने अक्षत रोली से तिलक कर स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी हरिसिंह रघुवंशी बड्डा ने स्वागत भाषण देते हुए जनता से आने वाली 17 तारीख को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अनेक योजनाओं के विषय में मंच से बताया। लाड़ली बहनों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहन जैसी जन हितैशी योजना कोई मुख्यमंत्री नहीं बना सकता। ऐसी योजना तो केवल लाड़ली बहनों का भैया ही बना सकता है। चौहान ने कहा कि गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र में आने वाले समय में हर 20 किलोमीटर की दूरी पर पर कम से कम 10 सीएम राइज स्कूल खोलूंगा।

गंजबासौदा शहर मेरे हृदय में वास करता है आप गंजबासौदा में भाजपा के पक्ष में मतदान करके हरिसिंह रघुवंशी बड्डा को विजय बनाएं मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपको कभी निराश नहीं होने दूंगा जो भी काम हरिसिंह बड्डा और यहां की टीम बनाकर मेरे पास लेकर आएगी उसको पूरा करने की जिम्मेदारी मेरी होगी। आमसभा में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, वर्तमान विधायक लीना जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहन भावसार, देवेंद्र यादव, देवेंद्र वर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी कांति भाई शाह, जीतेन्द्र मैना, चंद्र शेखर दुवे, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ सनी भावसार सहित नपा में भाजपा के सभी पार्षद सहित अनेक भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चुनाव अधिकारी ने तैयारियों से कराया अवगत

# प्रेक्षक ने बरेली में मतदान सामग्री वितरण तैयारियों का लिया जायजा



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 140-उदयपुरा के सामान्य प्रेक्षक जेपी मीना द्वारा बरेली में मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक मीना को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री तथा सामग्री वितरण हेतु की जा गईं तैयारियों से अवगत कराया गया।

**प्रेक्षक मीना ने नानाखेड़ी मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायसेन जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए सामान्य प्रेक्षक जेपी मीना द्वारा भोजपुर विधानसभा के नानाखेड़ी मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्र में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हों, ताकि सुगमता से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जा सके।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश:** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित बैठक में विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर को मतदान उपरांत सामग्री वापसी कार्य हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभावार सामग्री वापसी हेतु स्टॉल/काउंटर लगाने, टेन्ट, कुर्सी, टेबिल, लाईट, संकेतक लगाने, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अभिषेक दुबे, चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग सहित सहायक नोडल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी प्रभुराम के लिए नपा अध्यक्ष ने वार्डों में किया जनसंपर्क



**रायसेन, देशबन्धु।** सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभुराम चौधरी के पक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन ने नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 एवं 13 में ढोल बाजे एवं कार्यकर्ता के साथ घर-घर, दुकान दुकान जाकर जनसंपर्क किया। नगर पालिका अध्यक्ष सविता ने जनसंपर्क के दौरान शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जनता के हित कई लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में जनता को बताया। जनसंपर्क के दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष, पार्षद राजकुमारी शाक्य पार्षद, नेहा आदित्य चावला, भाजपा के वरिष्ठ नेता जमना सेन आदित्य चावला धनीराम विश्वकर्मा शिवम उपाध्याय अंशुल शर्मा अश्विनी पटेल अशोक सेन जीतू सेन नीरज महावर, सपना सक्सेना ज्योति ज्योति सोनी, श्रद्धा सिंह विकास लोहट कुंजीलाल अहिरवार सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# गदा भेंटकर उमाकांत ने किया शाह का स्वागत



**सिरोंज, देशबन्धु।** गत दिवस केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सिरोंज आगमन पर भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने शाह को गदा भेंटकर उनका सम्मान किया। ज्ञात रहे कि शाह आने के बाद मंच पर बैठे ही नहीं अपितू सीधे माइक पकड़ कर भाषण देने लगे। इसी बीच शाह ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए इस बात पर आपत्ति प्रकट की कि जनता को बेरीकेट्स लगाकर क्यों रोका जा रहा है। उन्होंने मंच से स्पष्ट निर्देश दिए की जनता को बैरिकेड हटाकर सीधे मंच तक आने दिया जाए।

# पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित कर मनाया बाल दिवस



**सिरोंज, देशबन्धु, देशबन्धु।** स्थानीय निर्मला कान्वेन्ट हायर स्कूल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्थापना वर्ष 1973 के प्रथम बैच से लेकर वर्ष 1999 बैच के पूर्व विद्यार्थी एवं पूर्व शिक्षक शामिल हुये। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रार्थना नृत्य, गीत एवं नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्था की प्राचार्य सिस्टर ऐंजलिन के द्वारा दिया गया। अपने उद्बोधन में उनके द्वारा बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि संस्था आज जिस ऊंचाई पर है उसमें आपका सहयोग अत्यंत महती है बिना आपके सहयोग के यह सफलता अर्जित करना संभव नहीं है। संस्था के वर्ष 1974 बैच के पूर्व छात्र डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को सांझा करते हुये विद्यालय के प्रबंधन अनुशासन एवं उत्कृष्ट शिक्षा की सराहना की। इसी क्रम में पूर्व छात्र तथा वर्तमान में इंदौर अस्पताल में पदस्थ आर्थोपेडिक्स डॉ अविनाश जैन, मुलताई के निजी विद्यालय की प्राचार्य और संस्था की पूर्व छात्रा वर्षा जैन, यूएस से आई पूर्व छात्रा विधि जैन, व्यवसायी मोहम्मद फईम बेग, बिल्डर मुनव्वर खा तथा कम्प्यूटर संस्था की संचालक शहनाज ने भी कार्यक्रम में अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को सांझा किया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन ने संस्था के पूर्व छात्र जो अब इस दुनिया में नहीं रहे ऐसे विद्यार्थियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य एवं उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ सादिक अली खान सेवानिवृत्त प्राचार्य ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नारायण शर्मा, डॉ असमा सादिक ने किया, कार्यक्रम के व्यवस्थापक संदीप शर्मा, अल्ताफ अहमद, रजनी शर्मा, कु. नीति चौरसिया रहे। इस अवसर पर संस्था के अनेक पूर्व शिक्षक मृदुला भार्गव, आशा भार्गव, कदीर हासमी, अरशद सिद्दीकी सहित अनेक पूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे

### चुनाव अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया परीक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा तथा 143-सिलवानी के लिए आईआरएस एसबीजी मोहपात्रा को और विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर तथा 142-सांची के लिए आईआरएस सुमित बेसरा को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षकों द्वारा गत दिवस विधानसभावार अभ्यर्थियों के व्यय लेखों का द्वितीय निरीक्षण किया गया। विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा में सात अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का 11 नवम्बर को द्वितीय निरीक्षण किया गया। जिसके अनुसार बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी कढोरी लाल अहिरवार द्वारा अभी तक 9085 निर्वाचन व्यय किया गया है। इसी प्रकार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी देवन्द्र सिंह पटेल द्वारा अभी तक 1847802 रू, भाजपा के अभ्यर्थी नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा 1138553 रू, आजाद समाज पार्टी के बाबूलाल चौधरी पहलवान द्वारा 115351 रू, जयप्रकाश जनता दल के विनोद सिंह द्वारा 10380 रू, निर्दलीय अभ्यर्थी नरेन्द्र सिंह पटेल द्वारा 10620 रू और निर्दलीय अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार धाकड़ द्वारा 60173 रू निर्वाचन व्यय किया गया है। विधानसभा क्षेत्र सिलवानी में आठ अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का 10 नवम्बर को द्वितीय निरीक्षण किया गया। जिसके अनुसार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के देवेन्द्र पटेल द्वारा 1383550 रू, भाजपा रामपाल सिंह द्वारा 873180 रू, आजाद समाज पार्टी के मो. तलत खान द्वारा 10150 रू, गोडवाना गणतंत्र पार्टी के नरेन्द्र सिंह द्वारा 97300 रू, निर्दलीय देवेन्द्र द्वारा 14000 रू निर्वाचन व्यय किया गया है।

# सर्वोच्च न्यायालय के नए न्यायाधीश सतीशचन्द्र शर्मा ने मप्र को गौरवान्वित किया

• रवीन्द्र शुक्ला

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री सतीशचन्द्र शर्मा,जिन्होंने 9 नवम्बर को पद की शपथ ली, अपने विशिष्ट कानूनी कौशल और उच्च मानक स्थापित करने वाले सीमा चिह्न फैसलों के लिए सराहे जाते रहे हैं। वे मध्यप्रदेश में पले-बढ़े ऐसे विद्वान न्यायमूर्ति हैं जिन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के वैविध्यपूर्ण प्रकरणों पर फैसले करते हुए अपनी न्यायिक यात्रा में अनेक ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के चयन के सभी पैमानों पर वे खरे उतरे हैं। एक जज के रूप में उनकी गुणवत्ता, कार्य- निष्पादन-क्षमता और निष्ठा श्रेष्ठ रही है।

वे 28 जून 2022 से 8 नवम्बर तक दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। उनका कुल न्यायिक अनुभव करीब 15 वर्षों का है। इसमें से दो वर्षों कुछ अधिक वे तेलंगाना, कर्नाटक और दिल्ली के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। वे देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की अखिल भारतीय वरिष्ठता में दूसरे सबसे वरिष्ठ और प्रदेश के न्यायाधीशों में सबसे वरिष्ठ न्यायमूर्ति हैं। वे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर और इंदौर खंडपीठों में न्यायाधीश रहे हैं। उससे पहले उन्होंने कानून की विभिन्न शाखाओं के प्रकरणों में अर्थात संवैधानिक, सेवा, नागरिक और आपराधिक आदि सभी प्रकार के मामलों में वकालत की थी। वे वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित हो गए थे। तब उनकी आयु सिर्फ 42 वर्ष की थी और वे वहाँ सबसे युवा वरिष्ठ अधिवक्ता थे।



दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहते हुए उन्होंने जो फ़ैसले दिये या सरकारों या प्रशासकों को जो निर्देश दिए, उनमें से अनेक ऐसे हैं जो सामाजिक सरोकारों के परिप्रेक्ष्य और व्यापक जनहित के संरक्षण की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। उसकी एक बानगी यह है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बच्चों को भिक्षावृत्ति से दूर रखने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका पेश हुए थी। उस पर सुनवाई में बचाव पक्ष-दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के वकील ने दलील दी कि प्राधिकारी चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और कदम उठा रहे हैं जबकि याचिकाकर्ता एक दिन में नतीजे देखना चाहता है। इस पर न्यायाधीश श्री सतीशचंद्र शर्मा ने, जो न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद के साथ खंडपीठ में सुनवाई कर रहे थे, कहा कि अदालत परिणाम चाहती है। उन्होंने कहा कि ''मैं दो महीने से दिल्ली में हूं और खुद कार चलाता हूं। मैं रोज़ सड़कों पर वही बच्चों को भीख मांगते हुए देखता हूं।卐 उच्च न्यायालय ने कहा कि प्राधिकारियों ने कागजी काम बहुत शानदार किया है। लेकिन वह जानना चाहता है कि जमीनी हकीकत क्या है? इस संबंध में कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं? उन्होंने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नोटिस देकर राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर भीख मांग रहे बच्चों को भिक्षावृत्ति से रोकने और उनके पुनर्वास के लिए उठाए कदमों की जानकारी आठ हफ्तों में देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सतीशचंद्र शर्मा का जन्म 30 नवंबर, 1961 को भोपाल में हुआ और शिक्षा दीक्षा जबलपुर और सागर में हुई। उन्होंने वकालत की शुरुआत जबलपुर से की तथा यहीं उन्होंने ख्याति अर्जित की। उनके पिता डॉ. बैजनाथ शर्मा सागर और जबलपुर विश्वविद्यालयों के इतिहास के प्रसिद्ध प्रोफेसर थे। वे बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति भी रहे। माता श्रीमती शांति शर्मा महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल थीं और सेवानिवृत्ति से पहले उन्होंने जबलपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भी काम किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने क्राइस्ट चर्च बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल से अपनी शिक्षा शुरू की और सेंट्रल स्कूल, जबलपुर से 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने 1979 में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में विज्ञान स्नातक के छात्र के रूप में दाखिला लिया तथा वर्ष 1981 में तीन विषयों में विशिष्टता के साथ विज्ञान स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्हें स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 1981 में इसी विश्वविद्यालय में उन्होंने कानून के छात्र के रूप में दाखिला लिया। कक्षा में शीर्ष पर स्नातक और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। उन्हें 1984 में तीन स्वर्ण पदकों के साथ डिग्री प्राप्त हुई।


वे 1 सितंबर, 1984 को एक वकील के रूप में नामांकित हुए। श्री शर्मा 18 जनवरी, 2008 को मप्र उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 5 जनवरी, 2010 को स्थायी न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति एस सी शर्मा एक उत्साही पाठक हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों में उनके योगदान के लिए भी जाने जाते हैं। वह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों से जुड़े हुए हैं। वह नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल और इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च, गोवा के सलाहकार बोर्ड में भी हैं और उन्होंने कई शोध लेख और पत्र प्रकाशित किए हैं। वे 31 अगस्त, 2021 को कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और 11 अक्टूबर, 2021 को तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनाए गए। उन्होंने 28 जून, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। गुरुवार 9 नवम्बर 2023 को वे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बन गए हैं।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आज आमला आएंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे



**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को प्रात: समय 11 बजे आमला में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज मालवे में पक्ष में आमसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष हेमन्त वागद्रे ने बताया कि आमसभा में राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीपसिंह सुरजेवाला, प्रदेश महासचिव एवं बैतूल जिला प्रभारी चंद्रिका प्रसाद व्दिवेदी, प्रदेश महासचिव समीर खान, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, प्रदेश सचिव तिरुपति एरुलू एवं मनोज आर्य सहित सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सभी प्रकोष्ठ, ब्लाक, मण्डलम, सेक्टर बूथ के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।

### दीवार लेखन से दिया मतदान का संदेश



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक के बिरूल बाजार मे गली गली दीवारो पर मतदान जागरूकता संदेश लिखकर मतदान जागरुकता अभियान चलाया। एमएसडब्ल्यू छात्रा तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव रेशमा खान ने ग्राम बिरूल बाजार मे दीवारो पर श्लोगन लिखकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद कि ब्लाक समन्वयक राधा बरोदे के नेतृत्व जगह जगह चौपाल लगाकर मतदाताओं को 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।तथा समझाया कि मतदान हमारा महत्वपूर्ण अधिकार है।इसलिये सारे काम छोड़कर हम मतदान करने जाये एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने मे सहयोग करे।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 17 नवम्बर को मतदान संपन्न होगा। मतदान में अधिकाधिक लोक अपने मत की आहूति दें, इसके लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का सतत आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने की अपील के साथ मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस क्रम में आज ग्राम गौरा में महिलाओं द्वारा मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। महेबा में स्कूली छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित आकर्षक पेंटिग्स बनाकर और महिलाओं द्वारा रंगोली के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

# ताप्ती को लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा कोरी साबित हुई: पांसे

**कांग्रेस प्रत्याशी ने ताप्ती नदी के किनारे बसे कई गांवों में किया जनसंपर्क**



**मुलताई, देशबन्धु।** कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव पांसे ने ग्राम धाबला,मासोद, सेंदुरजना, छिंदखेड़ा, बिहारगांव, डोंगरपुर, साईखेड़ा आदि ग्रामों का सघन जनसंपर्क करते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पांसे ने कहा कि जो किसान कर्ज माफी की योजना से वंचित रह गए हैं उन किसानों का किसान सम्मान योजना के तहत 2 लाख रुपए तक का कर्जा माफ किया जाएगा। इतना ही नही किसानों की खेतों की बिजली 5 हॉर्स पावर तक नि:शुल्क मिलेगी वही 10 हॉर्स पावर तक बिजली बिल आधा माफ किया जाएगा। वही घरेलू उपभोक्ताओं को सौ यूनिट बिजली निशुल्क मिलेगी वही 200 यूनिट बिजली का बिल आधा ही लगेगा। नारी सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महिला को 1500 रूपए और 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस लागू करेगी।

कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव पांसे ने ताप्ती तट के ग्राम धाबला,मीरापुर बाडेगांव, सावलमेढा आदि ग्रामों में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पारसडोह डेम के भूमिपूजन अवसर पर घोषणा की थी कि नर्मदा नदी जैसी ताप्ती नदी की भी सरकारी तौर पर ताप्ती परिक्रमा कराई जावेगी जो कोरी घोषणा साबित हुई। उन्होंने कहा कि जब 2018 में कांग्रेस सरकार बनी थीं तब ताप्ती तट के विकास के लिए ताप्ती न्यास का निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि मुलताई ताप्ती नदी की उद्गम स्थली है जहां देश भर से दर्शनार्थी पर्यटक आते रहते हैं जिन्हे मूलभूत सुविधाये की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो पुन: ताप्ती न्यास बनाकर ताप्ती उद्गम स्थल सहित ताप्ती के तटों पर विकास कार्य करवाए जायेंगे साथ ही पर्यटन विकास के भी कार्य करवाए जाएंगे। चुनाव प्रचार के दौरान पांसे के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र की ग्रामीणों को जानकारी देते हुए 17 नवम्बर को मतदान कर कांग्रेस के पक्ष में आशीर्वाद मांगा ।

# ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से बंदर घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर से लगी हुई ग्राम पंचायत परमंडल में घनश्याम डेयरी के पास स्थित पंचायत के शासकीय ट्यूबवेल के पास लगे ट्रांसफार्मर पर सोमवार शाम एक बंदर कूद पड़ा, जिसके कारण उसे करंट लगा और वह घायल होकर गिर पड़ा, ट्रांसफार्मर पर बंदर के कूदने से ट्यूबवेल की मोटर बंद हो गई थी। मंगलवार सुबह ग्रामीण तुलाराम गढ़ेकर को ट्यूबवेल के पास बंदर घायल अवस्था में पड़ा हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद पंचायत के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। अलकेश विश्वकर्मा ने बताया की मोटर बंद होने की सूचना पर वे ट्यूबवेल पर पहुंचे थे जहा तुलाराम ने बताया की बंदर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है, तत्काल उसे बाहर निकाला और उसे पानी पिलाया, वह चल नही पा रहा था। उसके आगे और पीछे के पैर में चोट लगी हुई थी, उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सालय में फोन कर जानकारी दी लेकिन उन्होंने मामला वन विभाग का बता कर किनारा कर लिया, जिसके बाद डायल 100 और वन विभाग के लोगो को सूचना दी गई जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, घायल बंदर को साथ लेकर वे लोग वन विभाग कार्यालय पहुंचे जहा घायल बंदर का उपचार करवाया गया।

# खेत में बने मकान में लगी आग, कृषि उपकरण जले



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरुल बाजार में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक खेत में बने मकान में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई। देखते दी देखते मकान से आग की लपटे उठने लगी और आग देखकर आसपास मौजूद ग्रामीण घबरा गए। उन्होंने तत्काल मुलताई नगर पालिका को फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड पर तैनात राहुल चंडालिया विजय बडघरे मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि ग्राम बिरुल बाजार निवासी मध्या कनेरे के खेत में बने मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई थी। जिसके चलते मकान में रखी मोटर केबल, पाइप, पावर पंप, खाद, कृषि उपकरण आदि चलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण करीब 50 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# हम जो कहते हैं वह करते है: राजनाथ

**रक्षामंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित**




**हरदा, देशबन्धु।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को स्थानीय परशुराम चोक पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम जो कहते है वो करते हैं।

हमने धारा 370 हटाने, राम मंदिर बनाने,की बात कही थी उसे पूरा किया है। उन्होंने कहा हम हिन्दू मुसलमान के आधार पर राजनीति नहीं करते, हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भाजपा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सिंह ने मंच से जानकारी ली कि राहुल गांधी आए थे क्या ,मंच से जवाब मिलने पर कि हां आए थे तब सिंह ने कहा कि जहां भी वे सभा करने जाते है वहां भाजपा की जीत तय रहती है। अब तो भाषण करने की भी कोई जरूरत नहीं है। हम यह मान लेते हैं कि हमारे ऊपर यदि राहु केतु होंगे तो अपने आप कट जाएंगे।

# मतदान करने घर-घर पीले चावल के साथ दे रहे निमंत्रण




**सारनी, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका के कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचकर, मतदाताओं को पीला चावल देकर मतदान करने लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। नगर पालिका के स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य अधिकारी सी.के. मेश्राम,महिला बाल विकास परियोजना की अधिकारी संगीता धुर्वे,एवं रश्मि अकोदिया ने सभी को मतदान करने का आग्रह किया है। 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। नगर पालिका के मुख्य अधिकारी सी.के.मेश्राम के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कर्मचारी रंजीत डोंगरे,निराकार सागर, कामदेव सोनी,दीपक महोबे,अनिल लिलोरे, राकेश डोंगरे, बुधराम महोबे,कीर्ति नायक के द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालय में रंगोली, मेहंदी,नुक्कड़ नाटक, संगीत, चित्रकला,भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिए गए और युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए एवं सार्वजनिक चौक-चौराहों में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में की गोवर्धन पूजा



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर से ग्रामीण क्षेत्रों में आज धूमधाम से गोवर्धन का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गायों का पूजन किया गया। पूरे क्षेत्र में धूमधाम से गोवर्धन का पर्व मनाया जाता है। गणेश साहू ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मान्यता है कि इंद्र का घमंड चूर करने और ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली में उठा लिया था और हजारों जीव-जतुंओं और मनुष्योंा की रक्षा की थी। भगवान कृष्ण ने देवराज के घमंड को तोड़ कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी। तभी से गोवर्धन की पूजा की जाती है। आज लोग घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाते हैं और उसकी पूजा करते हैं। शाम में गाय लाकर गोवर्धन का पूजन कर अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। मुलताई सहित ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग गोपालन करते हैं। ऐसे में गोवर्धन का त्योहार सभी मानते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग गौठान में जमा होकर गायों का सार्वजनिक पूजन का गौ रक्षा का संकल्प लिया।

# नगर के 4 मंदिरों में अन्नकूट का किया आयोजन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के चार मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न समाज के लोगों ने प्रसादी ग्रहण की है। 56 भोग बनाकर भगवान को अर्पित किए गए हैं। आज से ही भटे, गन्ने और बरबटी सहित अन्य सब्जियां खाने की शुरुआत की गई है। नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, जगदीश मंदिर और हनुमान मंदिर में अग्रवाल, खंडेलवाल, ब्राह्मण समाज द्वारा अन्नकूट का आयोजन किया गया है।अग्रवाल समाज के संजय अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट शब्द का अर्थ होता है अन्न का समूह। विभिन्न प्रकार के अन्न को समर्पित और वितरित करने के कारण ही इस उत्सव या पर्व का नाम अन्नकूट पड़ा है। इस दिन अनेक प्रकार के पकवान, मिठाई से भगवान को भोग लगाया जाता है। नगर के मंदिरों में सालों से अन्नकूट का आयोजन किया जा रहा है। अन्नकूट के दिन से ही विभिन्न समाज के लोग बैंगन,बरबटी और गन्ना खाने की शुरुआत करते हैं। मिठाई बनाकर भगवान को भोग लगाई जाती है। वहीं मिठाई और नमकीन सहित ऐसे 56 प्रकार के भोग भगवान को अर्पित किए जाते हैं।

*गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से जनसम्पर्क कर रहे कांग्रेस प्रत्याशी*

# खेती हर श्रमिकों का परिवार सहित 25 लाख का बीमा होगा: डागा



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने मंगलवार को विधानसभा के दो दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान डागा ने ग्रामों में नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस के वचनों को ग्रामीणों के सामने रखते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में गांवों की दशा और दिशा दोनों बदलने पर विशेष फोकस किया जाएगा। हर गांव को एक आदर्श गांव बनाये जाने के लिए कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है। शहरों और नगरों की तरह गांव में भी चमचमाती सड़के, नालियां, और शुद्ध पेयजल कमलनाथ के नेतृत्व में दिया जाएगा ताकि ग्रामीण जन अपने आप को खुशहाल महसूस कर सकें। डागा ने कहा कि ग्रामीणों के विकास, उत्थान और सम्मान के लिए नई कृषि उद्योग नीति तैयार की गई हैं। जिसके तहत कृषि को सीधे उद्योगों को जोड़ा जाएगा। जिससे किसानों की आमदनी में इजाफा होने के साथ साथ किसान आर्थिक स्तर पर मजबूत होंगे। कृषि उत्पाद निर्यात परिषद का गठन किया जाएगा। साथ ही कृषि पर आधारित कई योजनाएं ऐसी प्रारम्भ की जाएगी जिसकी मदद से किसान अपनी उपज की सही कीमत वसूल कर सकेंगे। कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसे कृषक युवा जो नई तकनीक अपनाकर खेती कर रहे हैं ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप किसान सुपर मार्केट एवं कृषि सेवा केंद्र विकसित कर व्यापार प्राम्भ कराया जाएगा। कांग्रेस का वचन है कि, सरकार बनने के बाद कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाए जाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। गांवों के साथ ग्राम वासियों के जीवन स्तर में भी सुधार हो इसके लिए इस विधान सभा चुनाव में कांग्रेस सहित आपके बेटे निलय विनोद डागा के हाथ मजबूत करना है। डागा ने इसके लिए बुजुर्गों के पैर छूकर आर्शीवाद मांगा।

# दीपमालाओं से सजा सेठानी घाट, 11 हजार दीप जलाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदांचल के पावन सेठानी घाट को आज दीपमालाओं से सजाया गया। लगभग 11000 दीप जलाकर जिले के मतदाताओं को 17 नवंबर को मतदान करने संदेश दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के क्रम में सेठानी घाट पर मंगलवार को दीपोत्सव मनाया गया। जिसमें नर्मदापुरम करेगा 100त्न मतदान और मतदान दिवस 17 नवंबर को रेखांकित किया गया।

स्वीप नोडल एवं जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत के मार्गदर्शन में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में रिटर्निंग अधिकारी नर्मदापुरम श्री आशीष पांडे, मुख्य पालिका अधिकारी नर्मदापुरम श्री नवनीत पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ललित कुमार डहरिया सहित नगर पालिका एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। दीपोत्सव कार्यक्रम में सभी अधिकारी कर्मचारी और घाट पर मौजूद नागरिकों ने 17 नवंबर को मतदान करने और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।



## सार समाचार

### चुनाव के लिए 312 यात्री बसों का हुआ अधिग्रहण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए बसों का अधिग्रहण शुरू हो चुका है। जिले भर में परिवहन विभाग इन बसों का अधिग्रहण कर उन्हें निर्धारित स्थानों पर खड़े करा रहा है। जिले की चारों विधानसभा के 1187 पोलिंग बूथों पर 9 लाख 40 हजार मतदाता वोट करेंगे। मतदान दलों व ईवीएम मशीनें पोलिंग बूथ तक ले जाने के लिए बसों का अधिग्रहण जारी है। जिले में 312 बसों का अधिग्रहण किया है। जिनमे 60 फीसदी स्कूल बसे और 40 फीसदी यात्री बसें शामिल है। बसों के अधिग्रहण के चलते नर्मदापुरम पिपरिया, भोपाल, बैतूल, हरदा, खंडवा, भैरूंदा रूट पर 18 नवंबर यानि चार दिनों तक इक्का-दुक्का बसें ही मिलेगी। नर्मदापुरम में पुलिस लाइन ग्राउंड, एसएनजी स्कूल ग्राउंड व पिपरिया, सिवनी मालवा और सोहागपुर में मुख्यालय पर बसों को खड़े कराया जा रहा है। परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया विस चुनाव के लिए 312 बसों को अधिग्रहण किया जा रहा है। 61 बसें अलग से पुलिस को अधिग्रहण करके दी जा चुकी है। सबसे ज्यादा स्कूल बसों को शामिल किया है। प्रदेश में एक साथ सभी सीटों पर मतदान होने है इसलिए अधिकांश यात्री को अधिग्रहण भी किया गया है।

### द्वारिकाधीश मंदिर में अन्नकूट और श्रीजी गौशाला में गोवर्धन महोत्सव मना

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री द्वारिकाधीश मंदिर समिति के तत्वावधान में आज 14 नवंबर, मंगलवार को मंदिर समिति ने श्रीजी कृपा गौशाला में गोवर्धन पूजा और शाम 6 बजे से श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में गोवर्धन पूजन कर द्वारिकाधीश जी को भोग समर्पित कर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। मंदिर समिति उपाध्यक्ष चंद्रकांत अग्रवाल ने बताया कि मंदिर से जुड़ी छप्पन भोग आयोजन समिति द्वारा बरसों पुरानी परंपरा अनुसार इस साल भी श्री द्वारिकाधीश को समर्पित छप्पन भोग का आयोजन जन सहयोग से 21 नवंबर, मंगलवार, आंवला नवमी को सायंकाल 7 बजे से रखा गया है। आयोजन समिति के संरक्षक रमेश चांडक, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने सभी धर्म प्रेमियों को दोनों उत्सवों के लिए सादर आमंत्रित किया है।

### आबकारी विभाग ने महिला से अवैध शराब जब्त की



**इटारसी, देशबन्धु।** आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम नयापुरा डांडीवाड़ा से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आबकारी उप निरीक्षक राजेश साहू के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नयापुरा डांडीवाड़ा में दबिश दी। यहां से अवैध देशी शराब के क्वार्टर के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला के पास से देशी मदिरा 20 क्वार्टर, विदेशी मदिरा व्हिस्की के 20 क्वार्टर एवं बीयर की 6 केन जब्त की हैं। इस कार्यवाही में आरक्षक राजेश गौर, दुर्गेश पठारिया का सहयोग रहा।

### ग्राम बोरतलाई में 2 स्थानों से पकड़ा हजारों का जुआ

**इटारसी, देशबन्धु।** अनुविभाग के थाना पथरोटा की टीम ने ग्राम बोरतलाई में दो स्थानों पर चल रही जुआ फड़ पर छापा मारकर हजारों रुपए जब्त कर एक दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बोरतलाई में हीरालाल यादव के टप पर पुलिस ने अभिषेक पिता राधेश्याम चौरे निवासी मालवीयगंज इटारसी, राहुल सिंह पिता रामसिंह राजपूत, आदित्य पिता ओमप्रकाश कैथवास निवासी भगत सिंह नगर नाला मोहल्ला, बलवंत पिता राजेन्द्र गोलिया निवासी मेहरागांव, राधेश्याम पिता रामदास इटारसी, रामकिशोर पिता हरिदास चौरे निवासी बोरतलाई, कन्हैया पिता रामभरोस चौरे निवासी मालवीयगंज इटारसी को पकड़कर उनसे 52 ताश के पत्ते और 11,200 रुपए की नगद राशि जब्त की है।

इसी तरह से बोतलाई में ही एक अन्य जगह से अर्जुन पिता तेज सिंह कुचबंदिया, सुमित पिता सुरेश चौहान, दुर्गेश सिंह बघेल निवासी मालवीयगंज इटारसी, हीरालाल पिता रामकिशोर यादव, संदीप पिता रेवतीप्रसाद चौरे, मनोज पिता बलराम पटेल निवासी बोरतलाई को पकड़कर उनसे 52 ताश के पत्ते और 12,300 रुपए जब्त किये हैं।

## आज थमेगा चुनावी शोर फिर घर-घर जाकर लगाएंगे जोर

इटारसी, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में प्रचार के अब कुछ ही घंटे शेष हैं और चुनाव शोरगुल थमने की ओर बढ़ रहा है। यही वजह है कि अब प्रत्याशी सारी ताकत झौंकना चाह रहे हैं। नर्मदापुरम में विधानसभा चुनाव को त्रिकोणीय माना जा रहा है, हालांकि एक प्रत्याशी को प्रारंभ से जातिगत आधार पर चुनाव लड़ने वाला माना गया है और उन्होंने अपने प्रचार में स्वयं को सर्व समाज का प्रत्याशी बताने की भरसक कोशिश की है। वैसे नर्मदापुरम जिले का ही इतिहास ऐसा कभी नहीं रहा कि चुनाव जातिगत आधार पर जीते गये हों।

बहरहाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी पं.गिरिजाशंकर शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे के अलावा बहुजन समाज पार्टी से प्रदीप मांझी भी पूरी जोर आजमाइश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की एक चुनावी सभा हो चुकी है, भगवती चौरे ने मंगलवार को दोपहर में नर्मदापुरम और शाम को इटारसी में सभा की है। कांग्रेस ने अब तक कोई बड़ी सभा नहीं की है। 15 नवंबर 2023 की शाम 5 बजे तक सभी दल अपनी पूरी ताकत अपना पलड़ा मजबूत करने में लगायेंगे। उसके बाद घर-घर दस्तक और फिर 17 नवंबर को वोटर का दिन रहेगा और 3 दिसंबर को फैसले की घड़ी आएगी। 17 तारीख को प्रत्याशियों के वचन और संकल्पों से कौन मतदाता कितना प्रभावित रहेगा, उसी के अनुसार अपना मत ईवीएम में कैद कर देगा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तीन दशक में अपने किये विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाकर अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं, तो कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के दो बार के विधायकी कार्यकाल को सहारा बनाया है, साथ ही कमलनाथ के सस्ती बिजली, नारी सम्मान योजना को हाईलाइट किया जा रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी त्रिकोणीय संघर्ष तो बनाते दिख रहे हैं, लेकिन राजनैतिक चर्चाओं में कहा जा रहा है कि जिन गांवों और शहरी क्षेत्रों में कुर्मी परिवार निवास करते हैं वहां पर तो भगवती चौरे का प्रचार प्रसार व्यवस्थित एवं मजबूती से हो रहा है। लेकिन अन्य जातियों, समाजों और सामाजिक लोगों से भगवती चौरे की आश्चर्यजनक दूरी बन रही है। अब जबकि मतदान को महज दो दिन का समय बचा है, ऐसे में अन्य समाजों में भगवती चौरे के लिए अपेक्षित उत्साह दिख नहीं रहा है।

विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज, बाल्मीकि समाज, यादव समाज भी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। अगर कोई प्रत्याशी जाति का फॉर्मूला अपनाएगा और बाकी समाजों की अवहेलना करेगा तो उसके लिए मुश्किल होगा। क्षेत्र में व्यापारी, उद्योगपति एवं समाजसेवा के कार्यों में जैन, मारवाड़ी और बड़ी संख्या में समस्त सवर्ण समाज एवं जातियां भी मौजूद हैं। एक प्रत्याशी होने के नाते विधानसभा क्षेत्र का हर एक मतदाता समान भाव रखता है। इस जिले का इतिहास जातिगत आधार कभी रहा ही नहीं है। बीते वर्षों की बात करें तो दिवंगत भाजपा नेता सरताज सिंह सिख समुदाय से आते थे। वे लोकसभा क्षेत्र से करीब पांच बार सांसद रहे। अगर जातिगत दृष्टि से देखा जाए तो सिख समाज क्षेत्र में अल्प संख्या में उपस्थित है। बाबजूद इसके उनका पांच बार सांसद रहना जातिगत चुनाव का विरोधाभास है। इतना ही नहीं सन् 1993 में इटारसी विधानसभा से ब्राम्हण समाज से ही आने वाले भाजपा प्रत्याशी के रूप में डॉ सीतासरन शर्मा, कांग्रेस से विजय दुबे काकू भाई एवं कुर्मी समाज से आने वाले अशोक रावत निर्दलीय चुनाव लड़े थे। जिसमें जातिगत समीकरणों को भुलाकर क्षेत्र की जनता ने ब्राम्हण होते हुए काकू भाई और कुर्मी होते हुए अशोक रावत को हराया था और डॉ शर्मा 1139 वोट से विजयी हुए थे।

**राजनीतिक तौर पर बंटा है समाज**

हर समाज राजनैतिक तौर पर बंटा है। कोई दल या प्रत्याशी यह दावा नहीं कर सकता है कि वह किसी एक जाति के वोटों के आधार पर चुनाव जीत जाएगा। हर समाज के लोग अलग-अलग प्रत्याशियों के लिए काम कर रहे हैं और वे अपने प्रत्याशी के पक्ष में उस समाज के वोट डायवर्ट करने के प्रयास में हैं। तो 17 नवंबर यानी मतदान का दिन पास है और 15 नवंबर 2023 यानि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचार का अंतिम दिन और पास है। इन दो दिनों में भाजपा और कांग्रेस सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने अपनी पूरी ताक झोंक देंगे और तब तक मतदाताओं के मौन टूटने का वक्त आ चुका होगा।

भाजपा-कांग्रेस के बाद आम सभा में अब निर्दलीय प्रत्याशी ने भरी हुंकार

## त्योहार के दिनों में बीच बाजार हो रही सभाएं, व्यापारियों में बढ़ रही नाराजगी




नर्मदापुरम,देशबन्धु। एक ओर लोकतंत्र का पर्व है, तो दूसरी ओर दीपावली का त्योहार चल रहा है। दिवाली का त्योहार है तो बाजार में रौनक भी देखी जा रही है। महीनों से व्यापार की आस बांधे बैठे शहर के व्यापारियों को भी इसी खास त्योहार से अच्छी खासी उम्मीद रहती है। लेकिन दूसरी ओर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की बीच बाजार में राजनीतिक सभाएं आयोजित हो रही हैं। बीते दिनों भाजपा ने दीपावली के एक दिन पहले राजनीतिक सभा कराई। व्यापारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इससे शहर के कुछ व्यापारियों को खासा नुकसान भोगना पड़ा है। नर्मदापुरम में उपभोक्ता भंडार के सामने सभा आयोजित की जाती हैं। इससे पहले भी यहीं पर कांग्रेस के प्रत्याशी ने भी अपनी सभा आयोजित की थी। वहीं मंगलवार को अन्नकूट के दिन फिर एक बार उसी जगह निर्दलीय प्रत्याशी की आम सभा आयोजित हुई। हालांकि सभा को संबोधित करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी भगवती प्रसाद चौरे ने व्यापारियों से माफी भी मांगी।

**महल और सड़क के बीच का चुनाव:** आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य विधानसभाओं की अपेक्षा होशंगाबाद विधानसभा का चुनाव अलग है। उन्होंने कहा यहां चुनाव महल और सड़क के बीच है। यहां चुनाव परिवार और पब्लिक के बीच है। लोग पार्टियों से टिकिट लेकर आए हैं, पार्टियों के प्रत्याशी बन कर आए हैं। उन्होंने कहा लेकिन मैं आप सभी मतदाताओं का आशीर्वाद लेकर आया हूं।

**मंच पर दिखे बागी नेता:** निर्दलीय प्रत्याशी की आम सभा के मंच पर भाजपा के कई ऐसे नेता बैठे दिखाई दिए जो भाजपा से चुनाव लड़ कर प्रतिष्ठित पदों पर रह चुके हैं। अब उनकी नाराजगी का कारण उनकी लगातार हो रही उपेक्षाएं हैं। एक ओर आम सभा में बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद रहा तो वहीं दूसरी ओर भाजपा के बागी नेताओं के बारे में लोग चर्चा करते भी सुने गए।

## मतदान के लिये हो जाइए तैयार, अब कुछ ही घंटे का है इंतजार



**इटारसी, देशबन्धु।** दीपपर्व एवं भाईदूज की ही श्रृंखला में एक बड़ा लोकपर्व शुक्रवार 17 नवंबर को है जिसमें सभी की भागीदारी ही प्रजातंत्र की ताकत के रूप में प्रकाशित होगी। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे जागरुकता कार्यक्रम में स्वीप आईकॉन सारिका घारू ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर श्रमिकों, महिलाओं को 100 प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित कर रही हैं।

सारिका ने कहा कि हर एक वोट की कीमत मतदान में अमूल्य होती है। इसके लिये आपके परिवार के हर मतदाता सदस्य को जिम्मेदारी के साथ मतदान करने जाना है और अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करना है। जिस प्रकार इन त्योहारों में आपने स्वैच्छा से बढ़-चढ़ कर भागीदारी की है, वैसे ही मतदान भी देश एवं प्रदेश के लिये पांच साल में एक बार आने वाला त्योहार है, इस कारण इसका महत्व भी अधिक है।

सारिका ने कार्यक्रम में बताया कि 17 नवंबर को मतदान प्रात: 7 बजे से आरंभ हो जायेगा। इसमें आपको मिली पर्ची पर लिखे मतदान केंद्र पर वोटर कार्ड को लेकर जाना है। वोटर कार्ड न होने पर आप कोई अन्य पहचान पत्र लेकर जायें। मतदान समाप्ति के समय का न करें इंतजार। आप जल्द से जल्द अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर करें मतदान और दें अपने लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान।

## कलेक्टर-एसपी ने मतदान का बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, मतदान के लिए किया प्रेरित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्तर तक जिले के जिस मतदान केंद्र का नाम हुआ। स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त ने जिले के जिस मतदान केंद्र नादिया को लोकतंत्र के महापर्व के लिए आदर्श स्थापित किया वहां अचानक ऐसी क्या स्थितियां बनी जिसके कारण कलेक्टर एसपी को पंचायत भवन नादिया के पास चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा करनी पड़ी। दरअसल, नादिया के लोग अपनी कुछ मांगों को लेकर चुनाव का बहिष्कार करने की तैयारी कर रहे थे। जिसके बाद कलेक्टर-जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह मंगलवार को जिले के पिपरिया विधानसभा के दूरस्थ मतदान केंद्र नादिया पहुंचे। यहां उन्होंने गंभीरता पूर्वक ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी वाजिब समस्याओं का आचार संहिता उपरांत शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान द्वारा आपको मताधिकार दिया गया है। सभी मतदाता 17 नवंबर के दिन निश्चित रूप से अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें और लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, रिटर्निंग अधिकारी पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, एसडीओपी पिपरिया कल्याणी वरकडे, जनपद सीईओ अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों के साथ नादिया क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान दिवस पर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्र का भी निरीक्षण कर रिटर्निंग अधिकारी पिपरिया को मतदाताओं की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

## सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने गांधी मैदान में पड़ी लक्ष्मी की मूर्तियों का विसर्जन किया



**इटारसी, देशबन्धु।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने दीपावली की बिक्री के बाद बची लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों को मैदान में ही फैककर जाने पर नाराजी व्यक्त करते हुए उन मूर्तियों का मेहरागांव की नदी में ले जाकर विसर्जन किया।

संगठन के राजकुमार दुबे, जुगल किशोर शर्मा, सीके शर्मा, अनिरुद्ध चंसौरिया, प्रशांत चौबे, महेंद्र पचौरी, राजेश तिवारी ने गांधी मैदान में लावारिस एवं खंडित पड़ी देवी देवताओं की मूर्तियों को एकत्र कर मेहरागांव की नदी में विसर्जित किया। प्रवक्ता दिलीप शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर गांधी मैदान में धन की देवी लक्ष्मी की मूर्तियों के विक्रय का बाजार लगता है।

मूर्ति विक्रेता बाजार समाप्त होने पर बिकने से बची रही मूर्तियों एवं खंडित मूर्तियों को लावारिस हालत में गांधी मैदान में पटक कर चले जाते हैं जिससे सनातन धर्म अन्य धर्म के धर्मालंबियों की नजरों में उपहास का केंद्र बनता है। इस विषम परिस्थिति से बचने के लिए सनाढ्य ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने इन मूर्तियों के विसर्जन का कारगर कदम उठाया। सभा के सदस्य निकट भविष्य में नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भेंट कर समस्या के समाधान का सुझाव देंगे।

### दीवाली का मेला देखने की बात पर 2 गुट झगड़े, पुलिस में शिकायत

**इटारसी, देशबन्धु।** ग्वालबाबा मंदिर नयायार्ड रोड पर दीवाली के दूसरे दिन लगने वाले दीवाली के मेले में दो गुटों में आपस में विवाद होने के बाद एक दूसरे के साथ मारपीट, गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस थाने पहुंचा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एकदूसरे के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्वालबाबा मंदिर के पास ग्राउंड में दीवाली का मेला देखने के दौरान दो गुटों में झगड़ा हो गया। पुलिस थाने में अरविंद बामने पिता छोटेलाल 18 वर्ष, निवासी ग्वाल बाबा के पास फकीर मोहल्ला इटारसी की शिकायत पर शिवा मोहरे, अमन मोहरे और एक अन्य के खिलाफ तथा शिव मोहरे पिता राजकुमार 20 वर्ष की शिकायत पर अरविंद बामने, लक्की बरखने निवासी ग्वालबबा के पास के खिलाफ गालियां देने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पंजीबद्ध किया है।

## सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप चेन्नई के लिए जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन



**इटारसी, देशबन्धु।।** नर्मदापुरम जिले से तीन खिलाड़ी चेन्नई में होने वाली सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप के लिए मध्यप्रदेश की टीम से खेलने जाएंगे। यह प्रतियोगिता 17 नवंबर से प्रारंभ होगी। टीम बुधवार को सुबह 3 बजे यहां से रवाना होगी।

सचिव कन्हैया गुरयानी ने बताया कि टीम के रवाना होने से पूर्व पांच दिन का एक चयन कैंप जबलपुर में लगा था। कैंप में चयन प्रक्रिया के बाद नर्मदापुरम जिले से मप्र की टीम में विवेक सागर प्रसाद, शॉन गिडियन और श्वेतांक जेम्स का चयन हुआ है। टीम को जिला हॉकी संघ के संरक्षक एससी लाल, डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, वरिष्ठ खिलाड़ी अरुण रॉबर्ट, दीप सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह तोमर, उपाध्यक्ष डॉ. ताविश अरोरा, मो.जाफर सिद्दीकी, रविन्द्र जोशी, अजय अल्वर्ट जोसेफ, मो.इरदीश खान, निशांत अगस्टीन, साजिद मलिक, मयंक जेम्स, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, हिमांशु अग्रवाल, अमनकीत सिंघ गोलू भाटिया, शफीक कुरैशी, हनी छाबड़ा, आरिफ खान, सुनील बतरा सहित अनेक सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने की धुंआधार 11 सभाएं, कहा-

# याद करो वो जमाना..., जब बिजली थी न पानी और न ही सड़कें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्ववर्ती दिग्विजय सिंह सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि याद करो वो जमाना जब प्रदेश में न तो बिजली थी, न पानी था और न ही सड़कें थी। जबकि भाजपा सबके लिए है और भाजपा का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास है। श्री चौहान मंगलवार को भाजपा प्रत्याशियों सुवासरा, मंदसौर, सैलाना, बड़नगर, उज्जैन उत्तर, घट्टिया, उदयपुरा, शमशाबाद, गंजबासोदा, विदिशा और नरेला में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री चौहान ने विजयादश्मी, दीपावली और आज भाईदूज के दिन भी प्रदेश भर में 11 विधानसभाओं में सभाएं की और जनता-जनार्दन से संवाद किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हम मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं, सबका साथ सबका विकास ही हमारा लक्ष्य है, लेकिन कांग्रेस में ऊपर भी केवल 2 यानी राहुल-प्रियंका का विकास हो रहा है और अपने प्रदेश में भी 2 यानी कमलनाथ-दिग्विजय का विकास हो रहा है, बाकी कांग्रेस पूरी तरह से अनाथ हो गई है।



### यह भी बोले- मोदी और हम डबल इंजन, राहुल-प्रियंका मनोरंजन

उन्होंने कहा कि जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। श्री चौहान ने कहा कि, हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है, डबल इंजन की सरकार में मोदी जी वहां हैं और मामा यहां हैं, लेकिन कांग्रेस में केवल मनोरंजन है। हम डबल इंजन हैं तो वो दोनों भाई-बहन डबल मनोरंजन हैं। दोनों भाई-बहन मनोरंजन करने ही मध्यप्रदेश आते हैं और लगातार झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास को और बेहतर गति देने के लिए सभी भाजपा उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है और मध्यप्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाना है।

श्री चौहान हर त्यौहार अपनी बहनों के साथ ही मनाते हैं। धनतेरस पर भी बहनों के साथ खरीदारी की तो दीपावली पर भी सैंकड़ों लाड़ली बहनों के साथ दीपोत्सव मनाया। आज भाईदूज के दिन भी उन्होंने दूज का ये पावन पर्व अपनी लाड़ली बहनों के साथ ही मनाया। इस दौरान बहनों ने अपने लाड़ले भैया शिवराज की आरती उतारी, माथा चूंमा और मुंह मीठा करवाया। मुख्यमंत्री ने भी बहनों के पैर छू-कर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भाईदूज के दिन प्रदेश की 11 विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों सुवासरा में हरदीप सिंह डंग, मंदसौर में यशपाल सिंह सिसोदिया, सैलाना में श्रीमती संगीता चारेल, बड़नगर में जितेन्द्र पंड्या, उज्जैन में उत्तर अनिल कालूहेड़ा, घट्टिया में सतीश मालवीय, उदयपुरा में नरेन्द्र शिवजी पटेल, शमशाबाद में श्री सूर्यप्रकाश मीणा, गंजबासोदा में हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा में मुकेश टंडन और नरेला में विश्वास सारंग के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

दिमनी और जौरा की सभाओं में कमलनाथ ने कहा-

# जनता तय करेगी उसे कैसा प्रदेश चाहिए

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि 17 तारीख को होने वाला चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है, यह किसी प्रत्याशी या पार्टी का चुनाव नहीं है, इसलिए मतदाता को तय करना है कि उसे प्रदेश को किस ओर ले जाना है। श्री कमलनाथ ने जिले के जौरा और दिमनी में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब केवल दो दिन बचे हैं और 17 तारीख को होने वाले मतदान में आपको तय करना है कि कैसा प्रदेश आपको चाहिए है। आज आपके बीच में आकर उन्हें बहुत खुशी है और आपके जो उम्मीदवार है वो मेरे प्रीतिनिधि भी है। वे पुलिस, प्रशासन और भाजपा के लोगों को बताना चाहते हैं कि कमलनाथ अब 2018 के मॉडल नहीं हैं अब 2023 का मॉडल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की तस्वीर आपके सामने है आज प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। आज प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट है। वे नौजवानों को देखते हैं तो उन्हें बड़ी चिंता होती है, क्योंकि इन नौजवानों से पूरे मध्यप्रदेश का निर्माण होना है। लेकिन अगर इन्हीं का भविष्य अंधकार में रहा तो किस तरह से निर्माण होगा। आज मध्यप्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। आज प्रदेश में पैसे दो और रोजगार लो की व्यवस्था चल रही है, प्रदेश में 250 से अधिक घोटाले हुए हैं।




श्री कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा मशीन अब डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि वे पूरे प्रदेश में घूमते हैं, किसान मिलते हैं और उनसे कहते हैं कि उन्हें खाद दिलवा दीजिए। आज नौजवान बिना काम के, किसान बिना दाम के, वे कहते हैं कि फिर शिवराज सिंह चौहान किस काम के हैं। उन्होंने कहा कि श्री चौहान कहते थे कि वे एक लाख युवाओं को नौकरी देने वाले हैं तब वे उनसे कहते थे कि आप एक लाख युवाओं को नौकरी छोड़िए जो रिक्त खाली पद हैं, उन्हें ही भर दीजिए। लेकिन श्री चौहान की झूठ की मशीन लगातार डबल स्पीड से चलती रही। श्री चौहान ने कहा था कि वे 450 में सिलेंडर देंगे क्या आपको सिलेंडर मिला।

कांग्रेस नेता ने 15 महीने की सरकार पर बोलते हुए कहा कि हमने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। हमने मुरैना में 46 हजार किसानों का कर्जा माफ़ हमने किया था। हमने 15 महीने की सरकार में 1000 गौशालाएं बनवाई थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ़ करेंगे। हमारी सोच है कि किसानों की जेब में पैसा पहुंचे और उसे फसल का सही दाम मिले। हमारी सरकार थी तब किसानों को खाद और बीज के लिए भटकना नहीं पड़ता था। आप हमारी 15 महीने की सरकार के गवाह हैं। उन्होंने कहा कि वे आपको बताना चाहते हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर हम सभी माताओं और बहनो को 1500 रूपए प्रति महीने सम्मान राशि देंगे, गैस का सिलेंडर 500 रूपए में देने का काम करेंगे। श्री चौहान को आज प्रदेश का परेशान किसान और रोजगार के लिए भटकता नौजवान नहीं दिखता है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने परासिया और सौंसर में सभाएं, बोले-

# भाजपा को जिताएं, मैं नागपुर तक मेट्रो चलाने का प्रयास करूंगा

**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले की जनता परासिया और सौंसर विधानसभा क्षेत्र के साथ छिंदवाड़ा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशियों को विधानसभा का चुनाव जिताएं, मैं छिंदवाड़ा से नागपुर तक ब्रॉडगेज मेट्रो ट्रेन चलाने का पूरा प्रयास करूंगा।



श्री गडकरी ने आज छिंदवाड़ा जिले के परासिया विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी ज्योति डहेरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री गडकरी ने सौंसर विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी प्रत्याशी नानाभाऊ मोहोड़ के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं छिंदवाड़ा से नागपुर तक ब्रॉडगेज मेट्रो चलाने का प्रयास करूंगा। मेट्रो 140 किलोमीटर की रफ्तार से चलेगी, जिससे कम समय में छिंदवाड़ा से नागपुर पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे आपके क्षेत्र का विकास होगा और समृद्धि आएगी, क्योंकि विकास सिर्फ भाजपा ही करती है।इस दौरान उन्होंने कहा कि कमलनाथ के केंद्र में मंत्री रहते हुए छिंदवाड़ा की सड़कें बहुत खराब थीं। छिंदवाड़ा से नागपुर पहुंचने में पांच घंटे लगते थे। अब छिंदवाड़ा से तीन घंटे में लोग नागपुर पहुंच जाते हैं। सौंसर की सभा में उन्होंने कहा कि यदि यहां भाजपा विजयी होती है तो सावनेर से छिंदवाड़ा और बजाज जोड़ से पांढुर्णा तक फोर लेन बनाया जाएगा। सौंसर और विदर्भ के किसानों की कपास और संतरा फसल को अच्छा भाव मिले इसके लिये सरकार सीधा निर्यात बांग्लादेश करेगी।

# एक लाख 85 हजार से अधिक लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता 9 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में अब तक आपराधिक प्रवृत्ति के 1 लाख 85 हजार 354 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 48 हजार 83 गैर जमानती वारंटों की तामीली करा ली गई है।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 69 हजार 297 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। 758 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 3 हजार 135 अवैध हथियार, 759 कार्टिज, 3 हजार 920 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला हैं। ये सभी सामग्रियां तत्काल जब्त कर ली गई हैं। प्रदेश में कुल 376 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 712 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रदेश में 846 फ्लाईंग स्चाड (उड़नदस्ता), 996 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 109 चिक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

केन्द्रीय मंत्री तोमर के बेटे से जुड़ा एक और वीडियो वायरल, कांग्रेस हुई हमलावर

# मंत्री का इस्तीफा मांगा, न्यायिक जांच हो



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का एक ओर कथित वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई है। कथित रूप से यह वीडियो उस शख्स का है, जो कथित लेनदेन के मामले में पहले 2 वीडियो जारी कर चुका है। उसने इस वीडियो के स्वयं के द्वारा जारी करने की बात की है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इस मुद्दे को लेकर आक्रामक तेवर अपना लिए हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय में सुप्रिया ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर का मामला उठाते हुए आज एक और वीडियो मीडिया के साथ शेयर किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने कनाड़ा में सौ एकड़ की बेनामी जमीन खरीदी है और तोमर परिवार गांजे की खेती में लिप्त है, वह इसमें और पैसा लगाना चाह रहा हैं।

### कनाडा में गांजे की खेती करने का लगाया आरोप

श्रीनेत ने इस मामले में पूरी केन्द्र सरकार और भाजपा के शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने सीबीआई, ईडी और नारकोटिक्स विभाग द्वारा इस मामले की जांच करने की आवश्यकता बताई साथ ही कहा कि अब अगर केंद्रीय एजेंसियां इस मामले की जांच नहीं करती हैं तो प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार की बात नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन आरोपों के बाद भी देवेंद्र तोमर खुलेआम घूम रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तोमर नैतिकता के आधार पर इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस ने इस मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की है।

### मामला 10 हजार करोड़ का

कांग्रेस द्वारा जारी किए गए 6 मिनट 17 सेकंड के वीडियो में एक शख्स कहते दिखाई दे रहा है कि - मेरा नाम जग मनदीप सिंह है। मैं कनाडा के एबेस्कॉर्ड में रहता हूं। एक वीडियो वायरल हो रहा है। वह वीडियो केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर का है। उसमें जो दूसरी आवाज है, वह मेरी है। उसमें जो बात है, वह सही है। एक खनन कंपनी से पैसे का लेनदेन हुआ है। यह कोई 5 सौ करोड़ का मामला नहीं है, ये टोटल 10 हजार करोड़ रुपए की बात है।

राज बब्बर ने ली चुटकी, बोले-

# 'मोदी को मुख्यमंत्री मत बनान, बहुत बुरे हाल हो जाएंगे'

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और अभिनेता राज बब्बर ने बाल दिवस पर मध्य प्रदेश में कुपोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज जिस प्रदेश में मैं आया हूं वहां लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। 18 साल से जो व्यक्ति राज कर रहा है, वो ये कहता है कि कुपोषण मेरे माथे पर कलंक है। पूर्व सांसद बब्बर ने आज यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि कोई कम से कम मध्य प्रदेश में रहकर तो नहीं पूछ सकता। यहां इतनी गरीबी है कि 10-10 हजार में बच्चियों को बेचा जाता है। ऐसे में कोई भी कैसे ये कह सकता है कि गरीबी कम हुई है।

राज बब्बर ने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश के किसी नेता पर भरोसा नहीं है। सारी गारंटी मोदी जी दे रहे हैं और उनकी गारंटी तो हम बहुत पहले देख चुके हैं। मध्यप्रदेश के मन में मोदी है..इस सवाल के जवाब पर चुटकी लेते हुए राज बब्बर ने कहा कि 'मैं आप लोगों से दुआ करूंगा कि मोदी को मुख्यमंत्री मत बना लेना, बहुत बुरे हाल हो जाएंगे इस प्रदेश के।'

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे की तथाकथित सीडी को लेकर उठ रहे सवाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के इसके पीछे कांग्रेस का हाथ होने के आरोप पर कांग्रेस नेता श्री बब्बर ने कहा कि अगर उनको लगता है कि कांग्रेस इसके पीछे हैं तो ईडी को बुलाए और जांच करवाएं। अगर कांग्रेस इसके पीछे है तो कांग्रेस के व्यक्ति को भी जेल भिजवाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह कांग्रेसी नेताओं के घर बात-बात पर ईडी चली जाती है, इनके यहां भी जाकर जांच करे।



### प्रदेश में कांग्रेस की लहर

श्री बब्बर ने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश में कांग्रेस की लहर है और यहां कर्नाटक दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्हें कांग्रेस की लहर दिखी थी और इस बार भी वही स्थिति है, लेकिन उस समय भाजपा ने धोखे से सरकार बना ली। श्री बब्बर ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि इस बार बदलाव की लहर चल रही है। उन्होने कहा कि राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में 150 से कम सीटें नहीं आने की बात कही है, जबकि मैं कहता हूं एकाध सीट बढ़ेगी ही, डेढ़ सौ से कम का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि यहां पर कर्नाटक दोहराया जा रहा है।

# प्रदेश में पेड न्यूज के 80 प्रकरणों में 78 उम्मीदवारों को नोटिस जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव-2023 के लिए 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होना है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग हर स्तर पर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है।

प्रदेश में लागू आचार संहिता के दौरान राजनीतिक पार्टियों के चुनाव प्रचार और पेड न्यूज मामले पर भी सख्ती से नजर रखी जा रही है। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी और राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी 24 घंटे पेड न्यूज की निगरानी कर रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पेड न्यूज के अब तक 80 प्रकरण सामने आए हैं, इसमें से जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी ने 78 प्रकरणों में उम्मीदवारों को नोटिस जारी किये है। जबकि 2 प्रकरण ऐसे हैं जो शुरुआती जांच में पेड न्यूज के नहीं निकले इसलिए उन्हें जिला स्तर पर ही निरस्त कर दिया गया है। शेष 30 प्रकरण पेड न्यूज के माने गये है। समिति के समक्ष 48 प्रकरण विचाराधीन है।

### ऐसे रखी जा रही है 24 घंटे पेड न्यूज पर नजर

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पेड न्यूज मामलों की गंभीरता से मॉनिटरिंग कराने के लिए निर्देश दिए हैं। पेड न्यूज मामलों पर शीघ्रता से कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) एवं राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई हैं। जब भी पेड न्यूज से संबंधित कोई संदेहपूर्ण प्रकरण सामने आता है तो सबसे पहले उसे जिला एमसीएमसी कमेटी को भेजा जाता है।



### जिला स्तर पर 2 प्रकरण हुए निरस्त

पेड न्यूज के बारे में प्राप्त मामलों पर जिला एमसीएमसी कमेटी प्रारंभिक स्तर पर जांच करती है। अगर जांच में प्रकरण पेड न्यूज का पाया जाता है तो जिस उम्मीदवार से संबंधित पेड न्यूज का प्रकरण है उस विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश दिए जाते हैं कि वह उम्मीदार को पेड न्यूज प्रकरणों में जवाब देने के लिए नोटिस जारी करे। अगर संदेहपूर्ण पेड न्यूज मामले प्रारंभिक जांच में सही नहीं पाए जाते हैं तो उन्हें जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी निरस्त कर देती है।

### पेड न्यूज पर उम्मीदवार को दिया जाता है नोटिस

जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश देती है कि वह संबंधित उम्मीदवार को पेड न्यूज प्रकरणों में जवाब देने के लिए नोटिस जारी करे। उम्मीदवार को पेड न्यूज का नोटिस जारी होने के बाद इस संबंध में अपना जवाब देना होता है। यदि उम्मीदवार 48 घंटे के अंदर जवाब नहीं देता है, तो जिला एमसीएमसी कमेटी इस पूरे मामले पर अपना निर्णय लेती है और पेड न्यूज पर होने वाले खर्च को उम्मीदवार के चुनाव खाते में जोड़ दिया जाता है।

### निर्णय से असंतुष्ट उम्मीदवार कर सकते हैं अपील

पेड न्यूज प्रकरणों में अगर कोई उम्मीदवार जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के समक्ष इस प्रकरण में अपील कर सकता है। उम्मीदवार की अपील पर राज्य स्तरीय समिति इस मामले पर सुनवाई कर निराकरण करती है।

अगर कोई उम्मीदवार राज्य स्तरीय समिति के निर्णय से भी संतुष्ट नहीं है तो वह चाहे तो भारत निर्वाचन आयोग में गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग समिति के समक्ष भी अपील कर सकता है।

महुआ पर हो रही तेजी से कार्रवाई

# विधूडी का मामला ठंडे बस्ते में पहुंचा

- 1 महीने बाद भी बिधूड़ी पर आचार समिति की दूसरी बैठक नहीं हुई
- महुआ को दो बैठकों में लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर तेजी से कार्रवाई की गई और दो बैठकों में ही उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश कर दी गई। लेकिन वह तेजी से बसपा सांसद दानिश अली को सदन में गाली देने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश विधूडी पर नहीं की गई।

एक महीने से भी ज्यादा का समय बीत गया अभी तक इस मामले में आचार समिति की दूसरी बैठक नहीं हो सकी। इस मामले में पहली बैठक 10 अक्टूबर को हुई थी। हालांकि विपक्ष के सवाल उठाने के बाद चर्चा है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के बाद अगली बैठक हो सकती है। बतादें कि संसद के विशेष सत्र के दौरान 21 सितम्बर को रमेश विधूडी ने लोकसभा में चल रही चर्चा के दौरान ही अपशब्दों की बौछार कर दी थी। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराते हुए विधूडी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि विपक्ष के दबाव के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम माथुर ने मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया था। समिति ने 11 अक्टूबर की बैठक में विधूडी को तलब किया था। लेकिन राजस्थान चुनाव में व्यस्तता का हवाला देते हुए उन्होंने बैठक में आने से इनकार कर दिया था। विशेषाधिकार समिति ने 10 अक्टूबर को बैठक कर उन्हें 11 अक्टूबर की पेशी से राहत दे दी थी।

### त्योहारों की दलील दे रही समिति

मगर 34 दिन बीत जाने के बाद भी समिति की कोई न तो बैठक हुई और न ही उसकी तारीख ही घोषित की गई है। विशेषाधिकार समिति की बैठक न होने के लिए दशहरा,दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों की दलील दी जा रही है। कहा जा रहा है कि त्योहारों के चलते समिति के सदस्यो की उपस्थिति सुनिश्चत नही हो पा रही है। फिलहाल माना जा रहा है कि अगर शीतकालीन सत्र से पहले मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो विपक्ष हंगामा कर सकता है।

# टनल हादसा : बचाव अभियान के दौरान धंस रही सुरंग

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन सुरंग धंस गई थी। पिछले 60 घंटे से 40 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मखाल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्कयारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। इनके बचाव के लिए लगातार अभियान जारी है। सुरंग से मलबा हटाने के दौरान ऊपर से लगातार मिट्टी धंस रही है। इससे रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। हमने अब स्टील पाइप के जरिए मजदूरों को निकालने का प्लान किया है। 35 इंच के डायमीटर का स्टील पाइप टनल के अंदर डाला जा रहा है। सभी मजदूर सुरक्षित हैं। उन्हें पाइप के जरिए ऑक्सीजन, खाना-पानी और मेडिसिन पहुंचाया जा रहा है।

- अब स्टील पाइप से निकालने की तैयारी
- पिछले 60 घंटे से सुरंग में 40 मजदूर फंसे

संसदीय पैनल ने सरकार से की सिफारिश

# व्यभिचार को फिर से अपराध की श्रेणी मे लाया जाए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसदीय समिति की सिफारिश पर अगर अमल किया तो व्यभिचार फिर से अपराध हो जाएगा। मंगलवार को समिति ने इससे जुड़ी अपनी सिफारिश में कहा कि विवाह पवित्र संस्था है इसे बचाया जाना चाहिएं इसके लिए जरूरी है कि व्यभिचार को अपराध घोषित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि गत मानसून सत्र गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता विधेयक पेश करते हुए गृह मंत्रालय संसदीय समिति कों इस मामले में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। इसके बाद समिति की यह सिफारिश अहम हो गई है। इसमें कहा गया है कि संशोधित व्यभिचार कानून को जेंडर न्यूटल अपराध माना जाएगा और यह पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर सभी पर समान रूप से लागू होगा। बतादें कि समिति की सिफारिश अगर स्वीकार कर ली जाती है तो यह सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय पीठ के 2018 में सुनाए गए उस फैसले के खिलाफ होगा, जिसमें कहा गया था कि व्यभिचार अपराध नहीं हो सकता और न ही होना चाहिए।

### गृह मंत्रालय समिति को रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था

### समान रूप से दोषी माने जाने की सिफारिश

तत्कालीन मुख्य न्यायधीश दीपक मिश्रा ने उस पुराने कानून को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि पत्नी का मालिक पति होता है। तबके कानून में प्रावधान था कि एक पुरुष जिसने किसी विवाहित महिला के साथ उसके पति की सहमति के बगैर यौन संबंध बनाने का दोषी पाया जाता है तो उसे पांच साल की सजा हो सकती है। लेकिन महिला को कोई सजा नहीं होगी। अब संसदीय समिति ने यह सिफारिश की है कि व्यभिचार में संलिप्त पाए जाने पर महिला, पुरुष और थर्ड जेंडर सभी समान रूप से दोषी माने जाएंगे।

# सी-विजिल ऐप से आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की करीब 10 हजार शिकायतें निराकृत

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की अब तक 9 हजार 980 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ये सभी शिकायतें सी-विजिल ऐप के माध्यम से मिली हैं और इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार किया गया है। यह ऐप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से कर सकता है। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। श्री राजन ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड कर सकता है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।